डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | भाद्रपद कृष्ण पक्षा 03 – 2083 | भोपाल, दिन सोमवार, दिनांक 31 अगस्त 2026

न्यूज गैलरी

पटवारी बोले– 2028 का रोडमैप बनाया, लेकिन 2026 में मप्र कैसे बढ़ेगा

भोपाल। मप्र कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति बैठक पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने कार्यसमिति में 2028 के भुलावे का रोडमैप तो बना लिया, लेकिन जनता पूछ रही है कि 2026 में प्रदेश को कैसे बचाया जाएगा। पटवारी ने कहा कि जनता महंगाई, बेरोजगारी, बढ़ते कर्ज, कमजोर भ्रष्टाचार और किसान संकट से जूझ रही है, जबकि भाजपा का पूरा ध्यान सत्ता में बने रहने और अगले चुनाव की तैयारी पर केंद्रित है।

कांग्रेस की सरकार आते ही खत्म करेंगे यूसीसी का सिंचार

भोपाल। मप्र के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते ही समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को खत्म किया जाएगा। भोपाल के बुधवारा चौराहे पर विधायक आरिफ मसूद द्वारा आयोजित जन–ए–आवाजी में उन्होंने यूसीसी को लेकर कांग्रेस की सुर्खी पलवाते हो समान कार्यक्रम में सिंघार ने कहा कि भाजपा ने संख्या बल के आधार पर कानून पास कराया है, लेकिन कांग्रेस इसे स्वीकार नहीं करेगी। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आरिफ मसूद को आयोजन की सराहना की।

रनिंग स्टाफ की मांगों को लेकर रेलवे मजदूर संघ मुखर

भोपाल। वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ की लोको लाइन शाखा ने रनिंग स्टाफ की समस्याओं को लेकर प्रमुख मांगें उठाई हैं। संघ ने ड्यूटी समय 8 घंटे तक सीमित रखने, 12–14 घंटे की लंबी ड्यूटी पर रोक लगाने और रनिंग रूम में पर्याप्त विश्राम व्यवस्था की मांग की। इसके अलावा छह महीने की निश्चित समीक्षा, गार्ड की अनिवार्य नियुक्ति, रिक्त पद भरने और ओवरटाइम भुगतान की व्यवस्था सुधारने की मांग भी रखी।

पेंशा मोबिलाइजर संघ का धरना सातवें दिन जारी

भोपाल। तुलसी नगर स्थित अंबेडकर पार्क में पंचायत पेंशा मोबिलाइजर कर्मचारी संघ का अनिश्चितकालीन धरना सातवें दिन भी जारी रहा। संघ ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल को धरना स्थल पर पहुंचकर संवाद करने का आमंत्रण दिया है। संघ के अनुसार आदेश क्रमांक 6448 की लागू सेवाएं समाप्त होने से करीब 5200 मोबिलाइजर रोजगार संकट में हैं। संगठन ने सेवाएं बहाल करने और सरकार से तत्काल बातचीत की मांग की।

बारिश का कहर | अधिकारियों को 3 दिन तक चित्रकूट में ही रहकर राहत पहुंचाने के दिए निर्देश

सीएम का बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पैदल भ्रमण, किया ,नुकसान का मुआयना

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ से नुकसान तो हुआ है, जिसका आंकलन किया जा रहा है। जिला प्रशासन के सभी संबंधित अधिकारी मौके पर ही मौजूद हैं

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को पैंशा से सीधे चित्रकूट पहुंचे। उन्होंने चित्रकूट में बाढ़ की आपदा से उत्पन्न परिस्थितियों का मुआयना किया। मुख्यमंत्री ने प्रभावित मुख्यालिन के पास बनाए गए आश्रय स्थल (राहत शिविर) पहुंचकर सभी बाढ़ प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावितों को राहत सामग्री का वितरण किया। उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में हमारी पूरी सरकार आप लोगों के साथ है। मुख्यमंत्री ने चित्रकूट नगर के समीप मोहल्ले में जलभराव (बाढ़) से प्रभावित क्षेत्रों का पैदल भ्रमण किया।

उन्होंने सीधेड़ से सती मार्ग से पैदल चलकर प्रभावितों के घरों तक पहुंचकर जल स्तर से हुए नुकसान का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने राशन गर्म और किसान कुमार गर्ग के घर पहुंचकर जलभराव से हुए नुकसान की जानकारी ली तथा प्रभावित परिवारों से आत्मीय चर्चा कर उन्हें आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने शासन से चित्रकूट नगर पर दिया राम कुटीर निवास स्थान धर्मशाला के समीप अपहारे नेशनल हाईवे पहुंचकर पुनर्निर्माण कार्यों प्रभाव से मुलाकात की।

मुख्यमंत्री ने आश्रय स्थल जाकर बाढ़ प्रभावितों को दिए वस्त्र, घरेलू सामग्री और खाद्यान्न

सीएम ने कहा संकट की घड़ी में पूरी सरकार बाढ़ पीड़ितों के साथ

बाढ़ से हुए नुकसान का आंकलन

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ से नुकसान हुआ है और इसका आंकलन किया जा रहा है। जिला प्रशासन के सभी संबंधित अधिकारी इस समय मौके पर ही मौजूद हैं। प्रभावित की क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति पर निगरानी की जा रही है।

अब तक किसी प्रकार की जनहानि नहीं

मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सतत रहे राहत एवं बचाव कार्यों की जानकारी लेते हुए सभी प्रभावित परिवारों को सर्व जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों को राहत व्यवस्था वितरण एवं नगर के पैदल निरीक्षण के दौरान मौजूदा से साथ रहे।

रीपिटल के प्रभावितों से बात की

इससे पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को देर रात नई दिल्ली से सीधे पैंशा पहुंचे थे। उन्होंने सीधेड़ कॉलोनी के पास बाढ़ से हुए नुकसान के संबंध बचाव की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को राहत के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने बाढ़ के पानी में घिरे लोगों से मुलाकात की। चित्रकूट की जनप्रतिनिधियों को भी इसी पहुंचे हैं। उन्होंने सभी प्रभावितों से कहा कि घबराएं नहीं, मुकदमा की कार्रवाई।

रिलायबल ग्रुप से एक करोड़ की साइबर ठगी, 95 लाख रुपये

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

राजधानी के वरिष्ठ भूत–उत्ता–सावाह पैलेस से जुड़े रिलायबल ग्रुप के साथ एक करोड़ रुपये की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। ग्रुप की एक कंपनी की मुख्यालय जरूर था। इसी दौरान साइबर ठगों ने संबंधित कंपनी की ई–मेल आईडी से मिलती–जुलती फर्जी आईडी बनाकर संपर्क किया और बैंक खातों की जानकारी भेज दी। ग्रुप ने दस्ती खातों में एक करोड़ रुपये ट्रांसफर कर दिए।

दो घंटे बाद हुआ ठगी का खुलासा

करीब दो घंटे बाद संबंधित कंपनी के स्वामी नहीं मिलने की जानकारी दी, जिसके बाद ठगी का पता चला। ग्रुप ने तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत की। सदर साइबर पुलिस ने एनसीआरपी पोर्टल के जरिए कार्रवाई करते हुए सिमित खातों में जमा 95 लाख रुपये होल्ड करा दिए।

तीन घंटे में 200 खातों में पहुंची

खाम

जांच में सामने आया कि ठगों ने रकम को तेजी से अलग–अलग खातों में ट्रांसफर किया। करीब तीन घंटे में एक करोड़ रुपये देशभर के लगभग 200 बैंक खातों में पहुंच गए। इन खातों के लिंक असम, बिहार, दिल्ली सहित अन्य राज्यों से मिले हैं। ठगे करीब पांच लाख रुपये निकालने में सफल रहे।

समय पर शिकायत से बची बड़ी रकम

साइबर पुलिस के अनुसार ठगी का पता चलते ही 'गोल्डन आवर' में शिकायत मिलने से कार्रवाई तेजी से हो सकी। एनसीआरपी के माध्यम से 96 लाख रुपये होल्ड कराए गए, जिससे बड़ी राशि सुरक्षित बच गई।

प्रदेश पुलिस में 9,662 पदों पर भर्ती, सितंबर में जारी होगा विज्ञापन

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

मध्यप्रदेश पुलिस में आरक्षक, कांस्टेबल, उप निरीक्षक और सूबेदार समेत 9,662 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया जल्द शुरू होने वाली है। पुलिस मुख्यालय ने भर्ती का प्रस्ताव कर्मचारी चयन मंडल (ईओडब्ल्यू) को भेज दिया है। सितंबर में भर्ती का विज्ञापन जारी होने की संभावना है। पिछली भर्ती की तरह इस बार भी लगभग छह महीने में प्रक्रिया पूरी कर मार्च 2027 तक नियुक्तियां देने की तैयारी है। सिंहस्थ–2028 को देखते हुए फर्जी प्रक्रिया रोकी के पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं।

इन पदों पर होगी भर्ती

सबसे अधिक 7,000 पद आरक्षक की हैं। कांस्टेबल ड्राइवर के 1,000, बीएचएलके के 130 और सशस्त्र बल सिपाही के 520 पद शामिल हैं। इसके अलावा सूबेदार के 81, उप निरीक्षक जिला बल के 412, एएसआई के 69, हवलदार के 4, अनुसूचित जाति के 22, सहायक के 10 और घोटों के 2 पद रखे गए हैं।

भर्ती नियम रहेंगे समान

पुलिस मुख्यालय के अनुसार भर्ती नियमों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। उप निरीक्षक और सूबेदार पदों के लिए लिखित परीक्षा, शारीरिक दक्षता परीक्षा और साक्षात्कार

भाजपा महिला पार्षद के खिलाफ फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट, आरोपी गिरफ्तार

न्यायालय में पेश करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

गार्ड–36 की पार्षद गोहेल गार्ड पूजा शर्मा को खिलाफ फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट और टिप्पणी करने के मामले में मंगलवार पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने मामले में कुलदीपसिंह निवासी बजेला (ग्रामीण) (42) को गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को न्यायालय में पेश करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया।

सांसद निधि की राशि को लेकर की थी पोस्ट

पुलिस के अनुसार राजेश ने फेसबुक पर पार्षद पूजा शर्मा को लेकर एक पोस्ट की थी। इसमें सांसद निधि से मिली

बाकी पांच हजार रुपए की राशि को लेकर आरोप लगाए गए थे। पोस्ट के कंटेंट रोकलन में पार्षद के खिलाफ आपत्तिजनक बातें भी लिखी गई थीं। मामले की जानकारी मिलने के बाद पार्षद की ओर से न्यायालय थाने में शिकायत दर्ज कराई गई।

सांसद ने पुलिस अधीक्षक से की मुलाकात

मामले को लेकर सांसद आलोक शर्मा ने भी पुलिस अधीक्षक रोहित कुमार से मुलाकात कर घटना की जानकारी दी थी। इसके बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने फेसबुक पर की गई आपत्तिजनक पोस्ट को भी हटवा दिया है।

ग्रुप को भाजपा कार्यकर्ता बताता है आरोपी

पुलिस के मुताबिक राजेश प्रजापति स्वयं को भाजपा कार्यकर्ता बताता है। वहीं उसके पिता कांग्रेस से जुड़े रहे हैं। पुलिस ने मामले में सोशल मीडिया पोस्ट और टिप्पणियों को आधार बनाकर कार्रवाई की

17वें दिन उग्र हुआ छात्र आंदोलन

ठेलागाड़ी से राजसी रथ तक... शिवडोले में उमड़ी आस्था, तीन लाख श्रद्धालु हुए शामिल

डीआर संवाददाता॥ खरगोन

शहर के अधिष्ठाता भगवान सिद्धनाथ महादेव का 58वां शिवडोला रविवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ निकाला गया। राजसी पालकी के मंदिर से बाहर आते ही सम्मानदेव पुलिस बैंड ने सलामी दी। श्रद्धालुओं ने गुलाब की पंखुड़ियों की वर्षा कर पालकी का स्वागत किया। 'हर–हर महादेव' और 'जय शिव रुद्रेश' के जयकारों से पूरा शहर गूंज उठा।

27 झांकियां और 9 नृत्य दल रहे आकर्षण

शिवडोले में इस बार करीब तीन लाख श्रद्धालु शामिल हुए। आयोजन में 27 झांकियां, 9 नृत्य दल और 10 ढोल–ताशा व नगाड़ा पार्टियां शामिल रहीं। करीब चार किलोमीटर का सफर तय करने के बाद शिवडोला वापस मंदिर पहुंचा। व्यापारियों ने प्रतिष्ठान बंद रखकर आयोजन में सहभागिता की।

ठेलागाड़ी से शुरू हुआ शिवडोला 58 वर्ष में भव्य राजसी यात्रोत्सव का रूप ले चुका है। वर्ष 2012 में मार्ग परिवर्तन के बाद इसकी भव्यता लगातार बढ़ी। मान्यता के अनुसार सिद्धनाथ महादेव से जुड़ी प्राचीन पारंपरिक परंपरा के कारण यह आयोजन खरगोन की आस्था और सांस्कृतिक पहचान का प्रमुख हिस्सा बन गया है

सुरक्षा के ठोस पुख्ता इंतजाम

शिवडोले की सुरक्षा के लिए एक हजार से अधिक पुलिस जवान तैनात रहे। पूरे मार्ग पर 300 सीसीटीवी कैमरों और एक ड्रोन से निगरानी की गई। इससे भीड़ और यातायात व्यवस्था पर लगातार नजर रखी गई।

58 साल में बदला शिवडोले का स्वरूप

वर्ष 1969 में पालकी और ठेलागाड़ी से शुरू हुआ शिवडोला 58 वर्षों में भव्य राजसी यात्रोत्सव का रूप ले चुका है। वर्ष 2012 में मार्ग परिवर्तन के बाद इसकी भव्यता लगातार बढ़ी। मान्यता के अनुसार सिद्धनाथ महादेव से जुड़ी प्राचीन पारंपरिक परंपरा के कारण यह आयोजन खरगोन की आस्था और सांस्कृतिक पहचान का प्रमुख हिस्सा बन गया है

गड्ढों व गंदगी से कटारा हिल्स के रहवासी परेशान, कांग्रेस ने फूंका निगम का पुतला

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

जहांगीराबाद मंडल, बस स्टॉप लाइटों सहित कटारा हिल्स क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी और युवक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने अनशनात्मक रोशाड़ा पर नगर निगम का पुतला दहन किया। कांग्रेस नेताओं ने क्षेत्र की समस्याओं का जल्द निराकरण करने की मांग की। कटारा हिल्स मंडल अध्यक्ष महेश गोहेल ने बताया कि वार्ड–65

कटारा हिल्स क्षेत्र में कई इलाकों में गुलमूर्ण सुविधाएं नहीं हैं। मुख्य सड़क से लेकर अंदरूनी सड़क तक में गड्ढे ही गड्ढे हैं, इससे निकलना मुश्किल हो रहा है। रात के समय स्ट्रीट लाइटें बंद रहती हैं, जिससे हादसे होने का खतरा बना रहता है। समस्याओं को लेकर गंभीर, नगर निगम अधिकारी और पार्षद सहित अधिकारियों को कई बार आवेदन और शिकायतें दी गईं, लेकिन स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ। वार्ड प्रभारी महेश प्रजापति ने कटारा हिल्स क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के आरोप सरकार कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि बारिश के दौरान कई कार्यकर्ताओं ने आंदोलन ही रहा है।

ऑनलाइन पेंशन 15 दिन में तय करनी होगी... देरी की तो अफसरों पर कार्रवाई

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों में अब बेवजह देरी अधिकारियों को भारी पड़ेगी। वित्त विभाग ने राज्य कोषागार पेंशन प्रोसेसिंग सेल की तरफ ऑनलाइन पेंशन मामलों के निस्तारण के लिए क्लेरिकल, डेस्कमेकर और सुपरवर सहित पर समय–सीमा तय कर दी है। तय समय में काम न होने पर संबंधित की जवाबदेही तय होगी।

नई व्यवस्था के तहत सामान्य नवीन पेंशन प्रकरण के लिए तीनों स्तरों पर 5–5 दिन यानी कुल 15 कार्य दिवस तय किए गए हैं। वहीं, पुनरीक्षित पेंशन प्रकरण 10 दिन (क्लेरिकल 4, डेस्कमेकर 3, सुपरवर 3) में मंजूर निपटाने होंगे।

देरी बर्दाश्त नहीं होगी

समीक्षा में विभिन्न कार्यालयों में मामले लंबे समय से लंबित मिलने के बाद यह कदम उठाया गया है।

मानसून | अगस्त बीता, नहीं छलका बड़ा तालाब, 10 साल में चौथी बार सितंबर में गेट खुलने का इंतजार

भदभदा डैम के गेट वर्ष 2017, 2018 व 2021 में पूरे मानसून नहीं खुले थे

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

राजधानी में भदभदा डैम के गेट खुलने का इंतजार इस बार अगस्त के अंत तक भी बना हुआ है। रविवार तक तालाब का जलस्तर फुल टैंक लेवल (एफटीएल) से करीब तीन इंच नीचे रहा। ऐसे में शहरवासियों को गेट खुलने के लिए अभी और इंतजार करना पड़ सकता है। बारिश और जलस्तर की स्थिति के आधार पर अब सितंबर में गेट खुलने की संभावना है।

भदभदा के गेट खुलने के पिछले 10 वर्षों के रिकार्ड में बड़ा अंतर देखाई देता है।

वर्ष 2016 और 2022 में जुलाई में ही पहली बार गेट

खोले गए थे। वर्ष 2017, 2018 और 2021 में पूरे मानसून गेट नहीं खुले।

वर्ष 2019 और 2020 में अगस्त में गेट खोल दिए गए थे। इसके बाद गेट खुलने की तारीख में फिर बदलाव देखने को मिला। वर्ष 2023 और 2026 में सितंबर में पहली बार गेट खुले, जबकि 2024 में दो अगस्त को ही पांच गेट खोलने पड़े थे। वहीं, 2024 में दो अगस्त को ही पांच गेट खोलने पड़े थे।

इस साल अगस्त के महीने खाम होने को है, लेकिन बड़ा तालाब पूरी तरह नहीं भर सका है। नगर निगम तालाब के जलस्तर और बारिश पर लगातार नजर रख रहा है।

एफटीएल तक पानी पहुंचने और अचानक बढ़ने पर भदभदा के गेट खोलने का निर्णय लिया जाएगा। तालाब का पूरा भरने से करीब तीन इंच ही कमा है, जैसी ही बारिश होते ही भदभदा डैम के गेट खोलने पड़ जाएंगे, पिछले दिनों हुई लगातार बारिश से बड़ा तालाब छलकने लगा है, हवाएं चलते ही लहरें उठने लगती है।

पिछले 10 साल में कब–कब खुले भदभदा के गेट

वर्ष	तारीख
2016	25 जुलाई
2017	नहीं खुले
2018	नहीं खुले
2019	10 अगस्त
2020	22 अगस्त
2021	नहीं खुले
2022	23 जुलाई
2024	2 अगस्त
2025	6 सितंबर
2026	अभी तक नहीं खुले

सर्वर ने रोका राशन, आज नहीं मिला तो दो माह का कोटा लैप्स होने का डर

सर्वर की धीमी रफ्तार से बढ़ी उपभोक्ताओं की परेशानी

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

सरकार ने अगस्त और सितंबर का राशन एक साथ वितरित करने की व्यवस्था की है, लेकिन सर्वर में लगातार आ रही तकनीकी दिक्कतों के कारण कई उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार वितरण का अंतिम दिन है। किलयत तारीख बढ़ाने का कोई आदेश जारी नहीं हुआ है। ऐसे में सोमवार तक राशन नहीं मिलने पर उपभोक्ताओं का दो महीने का कोटा लैप्स होने की

आशंका है।

बायोमेट्रिक सत्यापन नहीं होने से अटकी व्यवस्था

सर्वर की खराबी के कारण राशन दुकानों पर बायोमेट्रिक और ऑनलाइन सत्यापन नहीं हो पा रहा है। उपभोक्ता दुकान तक पहुंचने के बाद घंटों इंतजार कर रहे हैं। कई लोगों को राशन लेने के लिए दोबारा दुकान के चक्कर लगाने पड़े। रविवार को छुट्टी के बावजूद पीडीएस दुकानें खोली गईं, ताकि अधिक से अधिक लोगों को राशन मिल सके।

तारीख बढ़ी तो बाद में मिलेगा राशन

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारियों के अनुसार यदि राशन वितरण की अंतिम तारीख बढ़ाती है तो उपभोक्ता बाद में भी अपना राशन ले सकेंगे। फिलहाल तारीख बढ़ाने संबंधी आदेश नहीं आया है। करीब तिवसी सुरेश अहिरवार भी रविवार को राशन लेने पहुंचे, लेकिन सर्वर डाउन होने से उन्हें घंटों इंतजार करना पड़ा। देर शाम सर्वर चालू होने पर उन्हें राशन मिल सका।

गेड़ी प्रतियोगिता

ठोकर पद्धति में विनोद अहिर-धामनखेड़ा, धक्का पद्धति में कान्हा-धाकड़ सिंह (धानपुरा) प्रथम

चरनाल में 43वीं गेड़ी प्रतियोगिता, ठोकर और धक्का पद्धति में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

डीआर संवाददाता»चरनाल

सावन मास की उमंग पर चरनाल में रविवार को 43वीं गेड़ी प्रतियोगिता का आयोजन मुख्य बाजार में किया गया। इस साल भी बड़ी संख्या में प्रतियोगिता देखने के लिए बड़ी संख्या में शामिल पहुंचे। सीहोर जिले के अलावा राजगढ़ और भोपाल जिले से भी लोग प्रतियोगिता देखने आए। ढोल की थाप और पटाखों के बीच खिलाड़ियों ने गेड़ी पर संतुलन और कौशल का प्रदर्शन किया। देर रात हुए फाइनल मुकाबले हुए।

दो पद्धतियों में हुआ मुकाबला

प्रतियोगिता "ठोकर और धक्का पद्धति" से आयोजित की गई। ठोकर पद्धति में 62 जोड़ियों और धक्का पद्धति में 28 जोड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का पहला मुकाबला ठोकर पद्धति में ग्राम रानी अमलाह और अमोद वेकट खलेड़सुख के बीच हुआ। यहीं धक्का पद्धति में जितेंद्र और संजू मालवीय के बीच मुकाबला हुआ। प्रतियोगिता में भोपाल और राजगढ़ जिले के प्रतियोगियों ने भी भाग लिया।

जनप्रतिनिधि और ग्रामीण रहे मौजूद

कार्यक्रम में जिला पंचायत समिति में सदस्य प्रतिनिधि मनमोहन गौर, भाजपा जिला मंत्री एवं पूर्व सरपंच अमोद गिरीश सोलंकी, हिम्मत सिंह सोलंकी, पूर्व पंचायत केलाशचन्द्र गौर, मालवी जिला गौर स्कूल के संचालक राजेंद्र गौर, सरदार सतेज सिंह सोलंकी स्कूल के संचालक मनमोहन गौर, सुरेंद्र राजपूत, भावनी मोहाड़ा, विनय गौर, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष जगदीश गौर, राकेश गौर बालका मंच योगेश सक्सेना, अंकित गुप्ता, दुर्गा प्रसाद सेन, प्रोत सिंह गौर, दीपक सोनी तीनक गौर, सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रत्नेश मोहाड़ा किरणी और शिक्षक रवेश प्रकाश तिवारी ने किया।

ठोकर पद्धति के विजेता

ठोकर पद्धति मेंविनोद अहिर-बामनखेड़ा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। महेश गोरे-रेहन पाल द्वितीय और रा ज क र ण ल अहिर-बालखेड़ा-चरनाल तृतीय रहे। बाबूलाल सदीन-जावर चतुर्थसिंह-आहेरोली के चौथा स्थान मिला।

धक्का पद्धति के परिणाम

धक्का पद्धति में कान्हा-धाकड़ सिंह (धानपुरा) प्रथम रहे। पंकज सिंह-बोदल सिंह (धानपुरा) ने द्वितीय और पुत्र-रामबुशल (धानपुरा) ने तीसरा स्थान हासिल किया। लोकल विशाल-भालम सिंह (मंगावुदा) चौथे स्थान पर रहे।

सांत्वना पुरस्कार भी दिए

सांत्वना पुरस्कार में रोनू-नरसिंह सिंह (रोजवुरा), भगवान सिंह-रमेश सिंह (सलन्दपुरा), मोहित रघुवीर-गोरेलाल (मानपुरा) और रोनू गोड़-नरेश प्रजापति (मानपुरा) को शामिल किया गया। प्रतियोगिता देर शाम तक चली। आयोजन में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की मौजूदगी रही।

कारों की टक्कर से बचने के प्रयास में युवक की मौत

सीहोर रोड स्थित पालीवाल नर्सरी के सामने रविवार शाम करीब 5.30 बजे सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा ओल्टो और इंडो सोनाटी कार की आमने-सामने की टक्कर से बचने के प्रयास के दौरान हुआ।

सीहोर रोड स्थित पालीवाल नर्सरी के सामने रविवार शाम करीब 5.30 बजे सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा ओल्टो और इंडो सोनाटी कार की आमने-सामने की टक्कर से बचने के प्रयास के दौरान हुआ।

अनियंत्रित होकर बाइक से टकराईं कारें

जानकारी के अनुसार दोनों कारों के चालक आमने-सामने की टक्कर से बचने के लिए आमने-सामने वाहन मोड़ रहे थे। इसी दौरान दोनों वाहन अनियंत्रित होकर सड़क से गुजर रही दो अ ल ग ब ल म मोटरसाइकिलों से टकरा गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए।

पत्नी-बच्चों से मिलने जा रहा था सुनील

हादसे में हताहत निवासी सुनील प्रजापति (30) की मौके पर ही मौत हो गई। बताया गया कि सुनील अपनी पत्नी और बच्चों से मिलने ढाबला माता स्थित ससुराल जा रहा था। इसी दौरान पालीवाल नर्सरी के पास यह हादसे का शिकार हो गया। हादसे में राहुल कुशवाहा और संदीप पलवार भी घायल हुए हैं।

अस्पताल भेजे गए घायल

एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे ने बताया कि दोनों घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से सीहोर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

न्यूज गैलरी

अजीम प्रेमजी छात्रवृत्ति आवेदन आज तक

सीहोर। दसवीं पास के लिए छात्राओं के अनिवार्य गणित ऐसे वाली अजीम प्रेमजी छात्रवृत्ति योजना में वर्ष 2026-27 के पहले सत्र के आवेदन का अन्तिम आखरी दिन है। आवेदन पूरी तरह मुफ्त है। योजना के तहत वर्ष 2024-25 में राज्य भर से 15 हजार से ज्यादा छात्राओं को छात्रवृत्ति मिली थी। इसमें सीहोर जिले की 832 छात्राएं शामिल थीं।

नया में आज होगा सामूहिक सावंधन कार्यक्रम

सीहोर। सावंधन के पावन पर्व पर नगर पालिका परिषद सीहोर रविवार 31 अगस्त को सामूहिक सावंधन कार्यक्रम करेगी। कार्यक्रम नगर पालिका परिषद परिसर में दोपहर 12:30 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। इसमें बहनें भाइयों की कलाई पर सावंधन बांधेंगी। भाई-बहन के प्रेम, स्नेह, भाईचारे का संदेश देंगी। कार्यक्रम नगर पालिका अध्यक्ष विंध्य सहीर की मौजूदगी में होगा।

ठगी से बचने एपीके फाइल डाउनलोड न करें

सीहोर। बिजली कनेक्शन काटने के नाम पर ठगी का प्रयास सामने आया है। ठग ने बिजली कर्मचारी का बनकर फोन किया। बिल अपडेट नहीं होने की बात कही और कनेक्शन काटने की धमकी दी। इसके बाद व्हाट्सएप पर अपडेटेड बिल नाम से एपीके फाइल भेजी गई। अधिकारी ने एपीके फाइल डाउनलोड न करने की बात कही है।

वाराणसी-गया तीर्थ यात्रा के लिए आवेदन आमंत्रित

सीहोर। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत जिले से वैष्णो वाराणसी-गया तीर्थ यात्रा के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह यात्रा 29 सितंबर से 4 अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी। योजना के तहत बीते 13 से 18 जून तक वरिष्ठ नागरिकों को वैष्णोदेवी की तीर्थ यात्रा कराई जा चुकी है। आवेदन विभागीय वेबसाइट "एम जर्ज सरकारी तीर्थ अ. एप-हमारा एप" पर किया जा सकता है।

गणेश पंडालों के लिए अस्थायी बिजली कनेक्शन अनिवार्य, नियम तोड़ा तो ठेकेदार का लाइसेंस होगा

डीआर संवाददाता»सीहोर

सहर में गणेशोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। 14 सितंबर से शनिवार 15वा दशमी पर गणेश पंडाल और प्रतिमा सजाई जाएंगी। पंडालों में बिजली की सप्लाइ को लेकर मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने इस बार सख्ती बरतने के निर्देश दिए हैं। आयोजकों को ऑनलाइन आवेदन कर अस्थायी बिजली कनेक्शन लेना अनिवार्य होगा।

अऽनलाइन करना होगा आवेदन

कंपनी के प्रबंध संचालक अपि गर्ग के अनुसार इस समिति सार्वजनिक संयोजन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकेंगी। आवेदन में विद्युत भार की सही जानकारी देना जरूरी होगा। इसके साथ लाइसेंसधारी विद्युत ठेकेदार की देख रिपोर्ट भी जमा करनी होगी। पंडाल की वायरिंग और विद्युत सप्लाइ अधिकृत ठेकेदार से ही करानी होगी।

सुरक्षा निधि और शुल्क पहले जमा

स्वीकृत टिकुल भार के अनुसार सुरक्षा निधि और अनुमानित बिजली खपत का शुल्क ऑनलाइन जमा करना होगा। इसके बाद स्वीकृति प्राप्त होगी। अस्थायी कनेक्शन पूरी तरह पीटर आधारित होंगे और लोहू भरेलू दर से बिलिंग की जाएगी।

नियम तोड़ने पर कार्रवाई

बिना अनुमति या स्वीकृत भार से अधिक बिजली उपयोग करने पर सप्लाई के डिस्कनेक्ट इलेक्ट्रिसिटी एक्ट 2003 के तहत कार्रवाई होगी। साथ ही संबंधित विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस भी निरस्त किया जा सकता है। जनरी में विद्युत हादसों और इंडिकाफार्म पर अनिधिकृत भार से बचने के लिए नियमों का पालन करने की अपील की है। जानकारी के लिए 1912 पर संपर्क किया जा सकता है।

9 साल बाद फिर 12 दिन का होगा गणेशोत्सव, 14 सितंबर को स्थापना और 25 को विसर्जन

डीआर संवाददाता»सीहोर

इस बार गणेश भक्तों के लिए खास का अवसर 12 दिन अधिक होगा। पंचांग की तिथियों में परिवर्तन के चलते गणेशोत्सव 12 दिनों तक मनाया जाएगा। 14 सितंबर को भाद्रपद शुक्लपक्ष पर घरों और पूजा पंडालों में गणपति बप्पा की स्थापना होगी, जबकि 25 सितंबर को अनंत चतुर्दशी पर प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। इससे पहले वर्ष 2017 में ऐसा संयोग बना था।

विशेष योगों से सजेगा उत्सव

ज्योतिषाचार्य ने गणेश वर्ष के अनुसार सूर्य और चंद्रमा की स्थिति के आधार पर तिथियों का निर्धारण होता है। इस बार कुछ तिथियां 24 घंटे से अधिक रहने के कारण छुट्टी के जुड़ोगी तक का पर्व 12 दिनों का हो रहा है। 16 और 17 सितंबर को सर्वार्थ सिद्धि अमृत सिद्धि और रवि योग का संयोग होगा। 17 सितंबर को तीनों दिन एक साथ रहेंगे।

प्राचीन मंदिर में सजेगा मेला

मिलनसलीन प्राचीन गणेश मंदिर में इस बार 12 दिनों तक मेला लगेगा। प्रतिदिन भगवान गणेश का आकर्षक भुगल किया जाएगा। बच्चा के दर्शन के लिए भोपाल, इंदौर सहित मालवांचल और अन्य राज्यों से श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

परंपरानुसार ग्राम खजुरिया बंगला में श्रमदान

सीहोर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सपने के संकल्प को साकार करने और नागरिकों में देश भक्ति भावना जगाने के उद्देश्य से कांग्रेस सेवादल की ऐतिहासिक परंपरा अनुसार व आदरणीय की सरकारों के संकल्प के साथ के अंतिम रविवार को खजुरिया बंगला सीहोर में कांग्रेस सेवादल जिला सीहोर के अध्यक्ष नरेंद्र खरगाले व्यापार हाल्लिक तिलक द्वारा श्रमदान कार्यक्रम रखा गया। शामगढ़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामनारायण शर्मा द्वारा उपस्थित नागरिकों और राष्ट्रीयगान कार्यक्रम के दौरान पूर्ण अनुशासन के साथ राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया।

67 हजार स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को बिजली बिल में 53.86 लाख की छूट

डीआर संवाददाता»सीहोर

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की उदय और दे योजना का लाभ जिले के स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को मिलने लगा है। जुलाई में जिले के "67 हजार 617 उपभोक्ताओं" को बिजली बिल में कुल "53 लाख 86 हजार रुपए" की रियायत मिली है।

सोलर आवर में बिजली उपयोग पर छूट

कंपनी के प्रबंध संचालक अपि गर्ग के अनुसार स्मार्ट मीटरिंग के माध्यम उपभोक्ताओं को दिन के समय बिजली इस्तेमाल के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके लिए सुबह "9 से शाम 5 बजे तक" की अवधि को सोलर आवर निर्धारित किया गया है। इस दौरान 10 किलोवाट तक स्वीकृत लोड वाले घरेलू गैर-घरेलू स्टैंडर्ड लाइट, सार्वजनिक जल कार्य और निम्नदाब औद्योगिक उपभोक्ताओं को ऊर्जा प्रभार की समाप्त दर पर "20 प्रतिशत" तक की छूट दी जा रही है। यह छूट हरदाली सब्सिडी को छोड़कर उपर्युक्त प्रभार पर लागू होगी है। योजना का उद्देश्य दिन के समय उपलब्ध सौर ऊर्जा का अधिक उपयोग बढ़ाना और उपभोक्ताओं को बिजली खपत का समय बदलने के लिए प्रोत्साहित करना है।

सीहोर, आष्टा और भैरूंदा में पिछले साल से बेहतर बारिश, सितंबर में कोटा पूरा होने की उम्मीद

डीआर संवाददाता»सीहोर

जिले में मानसून की गतिविधियां लगातार जारी हुई हैं। 30 अगस्त तक मु-अतिरेक विभाग के आंकड़ों के अनुसार जिले में औसतन "297 इंच बारिश" दर्ज की गई है। जिले की सामान्य वर्षा 45.2 इंच है। सीहोर रहसील 36.4 इंच बारिश के साथ सबसे आगे है।

तीन तहसीलों में निर्धारित बेहतर

सीहोर में इस वर्ष 36.4 इंच बारिश हुई, जबकि पिछले साल 31.3 इंच दर्ज की गई थी। आष्टा में 28.3 इंच बारिश हुई, जो पिछले साल के 26.1 इंच से अधिक है। भैरूंदा में इस वर्ष 32.4 इंच बारिश हुई है। अन्य क्षेत्रों में बारिश पिछले साल की तुलना में कम रही है।

अगले तीन दिन बारिश के आसार

मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में बने तेज दबाव के क्षेत्र और मानसून ट्रफ की सक्रियता से जिले में गर्मी बनी हुई है। अगले "48 से 72 घंटे" तक बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। सीहोर, खुरासी, रेहली और भैरूंदा में गरज-चमक के साथ मध्यम से तेज बारिश हो सकती है।

सितंबर में कोटा पूरा होने की उम्मीद

सितंबर की शुरुआत में बंगाल की खाड़ी से नया मौसम सिस्टम बनने की संभावना है। इसके प्रभाव से बारिश होने पर जिले की सामान्य "45.2 इंच" वर्षा का आंकड़ा पूरा होने की उम्मीद है।

रोड का लोकार्पण

पावर हाउस चौराहे पर 5 लाख की सीसी रोड का लोकार्पण, विकास कार्यों को लेकर नगर सरकार प्रतिबद्ध

वार्ड क्रमांक 18 में सोनू चतुर्वेदी के घर से पंकज के घर तक बनी सीसी रोड का हुआ लोकार्पण

डीआर संवाददाता»सीहोर

नगर में लगातार विकास कार्यों को गति देते हुए आज पावर हाउस चौराहे पर वार्ड क्रमांक 18 में 5 लाख रुपये की लागत से निर्मित सीसी रोड का लोकार्पण किया गया। यह सड़क सोनू चतुर्वेदी के घर से पंकज के घर तक बनाई गई है। सड़क निर्माण से क्षेत्र के नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और लंबे समय से महसूस की जा रही सड़क की आवश्यकता पूरी हुई है।

लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष विंध्य सहीर ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाना नगर पालिका की प्राथमिकता है। सड़क, नाली, पेयजल और प्रकाश जैसी आवश्यक सुविधाओं के विकास के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। हमारा प्रयास है कि विकास का लाभ शहर के हर वार्ड और हर नागरिक तक पहुंचे।

उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिषद सीहोर विकास की योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए पूरी गंभीरता के साथ कार्य कर रही है। नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता से लेते हुए आवश्यकतानुसार विकास कार्य स्वीकृत कराए जा रहे हैं। आने वाले समय में भी नगर के विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यों की शृंखला जारी रहेगी। कार्यक्रम में वार्ड क्रमांक 18 के पार्षद प्रदीप गौतम सहित वार्ड क्रमांक 18 के अनेक नागरिक प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

नगरवासियों ने सीसी रोड निर्माण के लिए नगर पालिका का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सड़क बनने से क्षेत्र में आवागमन बेहतर होगा और स्थानीय नागरिकों को काफी सुविधा मिलेगी।

दोराहा के राजेश शर्मा का दुखद निधन

डीआर संवाददाता»दोराहा

राजेश शर्मा (58) का 30 अगस्त 2026 को निधन हो गया। उनके निधन की खबर से परिवार, रिश्तेदारों, परिचितों और ग्रामवासियों में शोक की लहर है। स्व. शर्मा सरल, सहज और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे। उनके निधन से परिवार ने अपना एक प्रिय सदस्य खो दिया।

उनके निधन पर विश्राम घाट में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इसमें परिवार के सदस्यों के साथ पत्रकार प्रदीप शर्मा, प्रेम शंकर शर्मा, अरुण बिल्लौरी शर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे। संजय शर्मा, दीपक शर्मा, बेटन शर्मा, अभिषेक शर्मा, अंकुश श्रीवास्तव, रजा शर्मा, तरुण बब्बा, अभिषेक तिवारी, पूर्व सरपंच अलीम पठान, जितेंद्र सोलंकी, सतीश शर्मा, राजे पुरी, पर्यंत मुगवाला, ओम प्रकाश, नीरज शर्मा, रमेश उत्सा, विश्वनाथ शर्मा सहित अन्य लोगों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को यह दुख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर | भाद्रपद कृष्ण पक्ष 03 - 2083 | सीहोर, दिन सोमवार, दिनांक 31 अगस्त 2026

न्यूज गैलरी

मनमानी खुदाई पर लगेगी रोक, एप से होगी निगरानी

सीहोर। नगरीय क्षेत्रों में विकास कार्यों के दौरान मनमानी खुदाई पर अब रोक लगाने की तैयारी है। केंद्र सरकार ने इसके लिए मोबाइल एप तैयार किया है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने सीहोर सहित प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में खुदाई से पहले एप का उपयोग अनिवार्य किया है। इसका उद्देश्य पानी, गैस, टेलीफोन और बिजली जैसी भूमिगत लाइनों को नुकसान से बचाना है। अभी विभागों और निजी एजेंसियों के बीच समन्वय की कमी से लाइनें क्षतिग्रस्त होती हैं। नई व्यवस्था में बिना जानकारी सड़क खोदने पर जुर्माना रोका जा सकेगा और काम की निगरानी एप से होगी।

भादो के पहले सोमवार को निकलेगी भोलेनाथ की शाही पालकी

जावर। भादो माह के पहले सोमवार को जावर में भगवान भोलेनाथ की शाही पालकी निकाली जाएगी। बाबा महाकाल सेवा समिति के तत्वावधान में पालकी शाम 5 बजे श्रीराम मंदिर से शुरू होगी। नगर को भगवा पताकाओं और आकर्षक साजसज्जा से सजाया गया है। पालकी में नाविक के शीश, एकदंत का शीश और भजन प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रहेगी। कथी और महाआरती सहित कई झांकियां शामिल होंगी। शिव महामनकाला की बारिकाएं अखाड़े का प्रदर्शन करेंगी। पालकी प्रमुख मार्गों से होते हुए गांधी चौक पहुंचेगी, जहां आतिशबाजी और महाआरती होगी। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की जाएगी।

बारिश में सिराड़ी की मुख्य सड़क बनी दलदल

इछावर। ग्राम सिराड़ी की मुख्य सड़क बारिश के दौरान बदहाल हो गई है। सड़क पर जलभराव और कीचड़ के कारण ग्रामीणों, स्कूली बच्चों और दोपहिया वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार यह मार्ग सिराड़ी को आसपास के गांवों से जोड़ता है और ग्रामीण सहित कई गांवों के लोग रोजाना इसका उपयोग करते हैं। बारिश में सड़क पर पानी भरने से जीवन फैल जाता है और वाहन फिसलने का खतरा बना रहता है। बच्चों आवाजा और निकिल ने डीलिंग के माध्यम से सड़क की स्थिति सामने रखी। ग्रामीणों ने जिम्मेदारों से सड़क सुधार की मांग की है।

'मन की बात' का 137वां एपिसोड कार्यकर्ताओं ने सुना

आष्टा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का 137वां एपिसोड रविवार को सत्या की बगिया वृक्ष के कार्यकर्ताओं ने सुना। कार्यक्रम दरिष्ठ मालवा नेता और सिंधी समाज अध्यक्ष सनेहर भोजवानी के निवास पर आयोजित हुआ। प्रधानमंत्री ने युवाओं को नशे से दूर रखने और नशामुक्त भारत के निर्माण में उनकी भागीदारी पर जोर दिया। कार्यकर्ताओं ने नशामुक्त भारत-डिजिटल भारत अभियान को समाज के लिए महत्वपूर्ण बताया।

सीहोर की चार बालिकाओं ने जीते स्वर्ण

आष्टा। भोपाल में 29 अगस्त को हुई संभाग स्तरीय वुशु प्रतियोगिता में सीहोर जिले की चार बालिकाओं ने स्वर्ण पदक जीतकर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए जगह बनाई। प्रतियोगिता में जिले के 17 बालक-बालिकाओं ने हिस्सा लिया था।

तैयारियां | डयूटी के दबाव और तनाव के बीच सीहोर पुलिस ने रविवार की शुरुआत

हर रविवार-थाना परिवार अभियान के तहत जिले के सभी थानों और पुलिस कार्यालयों में पुलिसकर्मियों ने योग-ध्यान किया

डीआर संवाददाता»सीहोर

ड्यूटी के दबाव और तनाव के बीच सीहोर पुलिस ने रविवार की शुरुआत योग, प्राणायाम और सामूहिक ध्यान के साथ की। "प्रत्येक रविवार-थाना परिवार" अभियान के तहत जिले के सभी थानों और पुलिस कार्यालयों में पुलिसकर्मियों ने योग-ध्यान किया। अभियान का उद्देश्य पुलिस बल को तनावमुक्त रखने के साथ स्वस्थ, संवेदनशील और बेहतर पुलिसिंग के लिए तैयार करना रहा।

अधिकारियों ने थानों में पहुंचकर किया संवाद

पुलिस महानिरीक्षक भोपाल रेंज जोन सचिन्द्रन सिंह के निर्देश, डीआईजी राकेश सिंह राठौड़ के मार्गदर्शन और एसपी सोनाक्षी सावरीकर के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित हुआ। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे ने मंडी थाने में योग सत्र में हिस्सा लिया।

लंबित मामलों के जल्द निराकरण के निर्देश

योग-ध्यान के बाद अधिकारियों ने अपराधों की समीक्षा की। लंबित प्रकरणों की जानकारी लेकर विवेचकों को पहुंचकर पुलिसकर्मियों से संवाद किया और उनकी कार्यप्रणाली व समस्याओं की जानकारी ली। एसडीओपी बुलानी रवि शर्मा ने लहरपुर और एसडीओपी आष्टा रामेश्वर गुप्ता ने पार्वती थाने में ध्यान सत्र में हिस्सा लिया।

मामलों का जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए गए। "ई-साक्ष्य और ई-विवेचना" की प्रक्रिया निर्धारित प्रावधानों के अनुसार प्रभावी ढंग से उपयोग पर जोर दिया गया।

सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों पर प्राथमिकता

अधिकारियों ने लंबे समय से लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निपटारा पर भी प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। शिकायत लेकर थाने पहुंचने वाले लोगों को समय पर सहज और उचित कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर रहा। आम नागरिकों और कार्रवाई के साथ फ्रंटलाइन कर्मियों की समीक्षा पर भी निर्देश ध्यान देने को कहा गया।

पॉक्सो और साइबर अपराधों पर विशेष निगरानी

बैठक में पॉक्सो एक्ट और साइबर अपराधों से जुड़े मामलों की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने निर्धारित एसओपी के तहत तेजी से कार्रवाई, समय पर साक्ष्य संकलन और प्रभावी विवेचना के निर्देश दिए। आधुनिक अपराधों से निपटने के लिए तकनीकी संसाधनों का बेहतर उपयोग करने पर भी जोर दिया गया। अभियान के माध्यम से पुलिसकर्मियों के बीच "थाना परिवार" की भावना मजबूत करने का प्रयास किया गया।

सीहोर का बड़ा प्लान, एक लाख श्रद्धालुओं के लिए बनेगा होल्डिंग एरिया

डीआर संवाददाता»आष्टा

उज्जैन सिंहस्थ-2028 में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ को व्यवस्थित करने के लिए प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। प्रयागराज महाकुंभ से लगे जाम से सबक लेते हुए सीहोर को आवाज कंट्रोल इस ले रूप में विकसित करने की योजना है। इसके तहत करीब एक लाख श्रद्धालुओं की क्षमता वाला होल्डिंग एरिया बनाने का प्रस्ताव है।

सुविधाओं से लैस होगा होल्डिंग एरिया

भीड़ बढ़ने पर श्रद्धालुओं को सड़क पर रोकने के बजाय होल्डिंग एरिया में सुरक्षित तरीके से ठहराया जाएगा। यातायात सामान्य होने पर उन्हें नियमबद्ध तरीके से उज्जैन भेजा जाएगा। वहां लेट, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, भोजन, चाय-नाश्ता और मेडिकल जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने की योजना है।

प्लेटफॉर्म-2 की साइट का निरीक्षण

रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-2 की ओर स्थित साइट का एसडीएम द्वारा प्राथमिक निरीक्षण किया जा चुका है। अंतिम स्थल का चयन अभी बाकी है। जानकारी के अनुसार अन्य स्थानों का भी परीक्षण किया जाएगा।

भी जिलों से जुड़ेगा नेटवर्क

भीड़ प्रबंधन योजना में सीहोर के साथ शाजापुर, आगर-मालवा, देवास, इंदौर, रतलाम, मंदसौर, नीमच और धार को शामिल किया गया है। सीहोर और धार को मुख्य होल्डिंग पॉइंट माना जा रहा है।

हाईटेक निगरानी की तैयारी

होल्डिंग एरिया में डिजिटल डिस्प्ले, अनाउंसमेंट सिस्टम, मोबाइल स्क्रीनिंग, वाई-फाई और क्लब निगरानी की सुविधा प्रस्तावित है। जिला प्रशासन विस्तृत प्लान शासन को भेजेगा।

योग-ध्यान से शुरू हुआ पुलिस का रविवार, थानों में अपराध समीक्षा, साइबर-पॉक्सो से लंबित शिकायतों तक पर फोकस

हर रविवार थाना बनेगा परिवार, योग-ध्यान से तनावमुक्त पुलिसिंग, अपराधों की समीक्षा में अधिकारी ने दिए निर्देश

मेजर ध्यानचंद की जयंती पर खिलाड़ियों का सम्मान

डीआर संवाददाता»सीहोर

मेजर ध्यानचंद की जयंती पर सीहोर जैसी सेवा और खेलकूद रीम एसोसिएशन होकी सीहोर सेंटर ने खेल दिवस का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय एथलेटिक्स एसोसी प्रवीण गौर रहे। उन्होंने खिलाड़ियों को निरंतर मेहनत, अनुशासन और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। टोमगार्ड के महिला वर्ग और बच्चों कम्पोजिट प्रतियोगिता में भी खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मेमेंटो और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में खेल अधिकारी रविन्द्र दिवान, होकी सीहोर अध्यक्ष रवीन्द्र गुप्ताजी, संरक्षक अधिकारी राव की, कमेल खान, पूर्व अधिकारी राजाराम राठे भाई, रमेश बाहमन, मनोज उपाध्याय उपस्थित रहे। अन्य लोग मौजूद रहे।

स्कूलों में गीता ज्ञान, कृष्ण की शिक्षाओं पर नाट्य-नृत्य और मिथकों पर होंगे व्याख्यान

डीआर संवाददाता»सीहोर

विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, परंपराओं, नैतिक मूल्यों और सामाजिक उत्तरदायित्व से जोड़ने के उद्देश्य से इस बार स्कूलों में भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व तीन दिवसीय कार्यक्रम के रूप में मनाया जाएगा। लोक शिक्षण संचालनालय ने प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को 1 से 3 सितंबर तक स्कूलों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए हैं।

कृष्ण की लीलाओं का होगा मंचन

निर्देशों के अनुसार स्कूलों में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं और उनके जीवन से जुड़े प्रसंगों का मंचन किया जाएगा। विद्यार्थियों द्वारा श्रीकृष्ण की शिक्षाओं, गीता ज्ञान और उनसे जुड़े प्रसंगों पर "नाट्य एवं नृत्य प्रस्तुतियां" की जाएंगी। साथ ही विद्यार्थियों को श्रीकृष्ण से जुड़ी धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक मान्यताओं की जानकारी देने के लिए व्याख्यान भी आयोजित किए जाएंगे।

फोटो और फलन प्रतिवेदन भेजना होगा

कार्यक्रम के दिन विद्यार्थियों की उपस्थिति कम रहने की संभावना को देखते हुए इस बार कार्यक्रम तीन दिन करने का निर्णय लिया गया है। लोक शिक्षण संचालनालय ने जिला शिक्षा अधिकारियों को सभी स्कूलों से निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के साथ कार्यक्रमों के "फोटो और फलन प्रतिवेदन" निर्धारित ई-मेल पर भेजने के निर्देश दिए हैं।

सांदीपनि स्कूलों में गुरु-शिष्य परंपरा पर जोर

सांदीपनि स्कूलों ने छात्रों को विशेष कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं कराने की बात कही है। इनमें भगवान श्रीकृष्ण और गुरु सांदीपनि से जुड़े प्रसंगों के माध्यम "गुरु-शिष्य परंपरा और भारतीय शिक्षा मूल्यों" पर परिचर्चा, नाटक मंचन और अन्य गतिविधियां आयोजित होंगी। इन कार्यक्रमों के फलन से विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति और परंपराओं के साथ नैतिक एवं सामाजिक मूल्यों को समझने का अवसर मिलेगा।

आष्टा में श्रावणी पर्व कार्यक्रम का समापन, विप्रजनों ने धारण किया यज्ञोपवीत

डीआर संवाददाता»आष्टा

ब्राह्मणों और यज्ञोपवीत धारण करने वाले द्विजजनों का महापर्व श्रावणी शुक्रवार को प्राचीन शंकर मंदिर और मा नर्मदा तट पर विधि-विधान से संपन्न हुआ। कार्यक्रम नगरपुरोहित पं. रमेश पाठक के आचार्यत्व में आयोजित किया गया।

प्रायश्चित संकल्प के साथ हुआ अनुष्ठान

कार्यक्रम की शुरुआत प्रायश्चित संकल्प से हुई। द्विजजनों ने पवित्रता, संयम और कुल एवं आश्रितों के कल्याण का संकल्प लिया। इसके बाद यज्ञोपवीत संस्कार की प्रक्रिया पूरी की गई। स्नान और तर्पण के बाद जटि पूजन, सूर्य उपासना और यज्ञोपवीत पूजन किया गया।

नवीन यज्ञोपवीत धारण कर लिया संकल्प

पं. पाठक ने बताया कि जिन लोगों का पहले यज्ञोपवीत संस्कार हो चुका है, वे पुरानी पर्व पर पुराना यज्ञोपवीत उतारकर नया धारण करते हैं। इसी प्रक्रिया के पूरक जन्म का प्रतीक माना जाता है। नवीन यज्ञोपवीत धारण करने के बाद सभी ने ब्रह्मसंगम का स्नानपर्व किया और स्वाध्याय करते हुए वेद में आहुतियां अर्पित की।

ब्राह्मणत्व का किया अभिनंदन

कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि राव सिंह मेवाड़ा, पार्षद रवि शर्मा एवं गिरि मंडल ने आचार्य ललित ब्राह्मणों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विप्र एवं द्विजजन उपस्थित थे।

अलीपुर के गंदे नाले का पानी पार्वती नदी में, इसी से हो रही शहर में जलापूर्ति

डीआर संवाददाता»आष्टा

शहर में पेयजल आपूर्ति को लेकर लापरवाही का मामला सामने आया है। अलीपुर का गंदा नाला पार्वती नदी में मिल रहा है और इसी नदी से पानी की सप्लाई नगर पालिका द्वारा शहर में की जा रही है। बताया गया कि रामपुरा डैम से पार्वती नदी में पानी भरा जाता है, जिसे नालों के जरिए पूरे शहर में पहुंचाया जाता है।

जानकारी के अनुसार 15 जून के बाद पार्वती पुल से लगभग तीसरे पानी के बाद से अलीपुर का दूषित पानी लगातार नदी में मिल रहा है। इससे नदी का पानी प्रदूषित होने की आशंका है और लोगों के स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है।

लोगों ने जताई चिंता

शहर के शंभू सेन और सुरेश ताम्रकार ने नगर पालिका से नाले का पानी नदी में मिलने से रोकने की मांग की है। उनका कहना है कि इस मामले में तत्काल कार्यवाई जरूरी है।

नगर पालिका अध्यक्ष हेमलता राजेश मेवाड़ा ने कहा कि उन्हें मामले की जानकारी नहीं थी। वहीं सीएमओ से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

धार्मिक | कुबेरेश्वरधाम पर आस्था के साथ मनाया जाएगा जन्माष्टमी महोत्सव

मुरली मनोहर मंदिर में होगा भव्य श्रृंगार, चांदी के झूले में विराजेंगे भगवान्य राधा नाम संकीर्तन से गूंजेगा धाम

डीआर संवाददाता»आष्टा

जिला मुख्यालय के समीपस्थ प्रसिद्ध कुबेरेश्वरधाम पर सावन के बाद भादो में भी श्रद्धालुओं की आस्था और भक्ति का क्रम अनवरत जारी है। रविवार को हजारों की संख्या में श्रद्धालु धाम पहुंचे। इनमें बड़ी संख्या में ऐसे शिवभक्त भी शामिल रहे, जो शहर से सीधे नदी से जल से कांवड़ लेकर पैदल कुबेरेश्वरधाम पहुंचे और भगवान शिव का जलाभिषेक किया। तेज धूप के बावजूद श्रद्धालुओं के कदम नहीं रुके। कांवड़ यात्रियों के मुख से बी शिवाय नमस्तुभ्यं, हर-हर महादेव और जय महादेव के जयघोष गूंजते रहे। कांवड़ लेकर धाम पहुंचने वाले श्रद्धालुओं का विशेष सेवा समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा, पंडित सतीश शुक्ला सहित अन्य सेवादारों ने स्वागत एवं सम्मान किया। समिति की ओर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसादी सहित अन्य सेवा व्यवस्थाएं भी की गई हैं।

भादो में भी जारी रहेगा कांवड़ यात्रा का क्रम

सावन माह का समाप्त होने के बाद भी सावन नदी से कुबेरेश्वरधाम तक कांवड़ लेकर आने का सिलसिला जारी है। श्रद्धालु पवित्र जल लेकर भगवान शिव के दरबार में पहुंच रहे हैं। धाम पर आने वाले भक्तों का कहना है कि भगवान शिव से प्रति आस्था और विश्वास ही उन्हें कठिन पैदल यात्रा पूरी करने की शक्ति देता है। धाम की सेवा समाप्त होने के बाद भी श्रद्धालुओं में विशेष आस्था है। यहां आने वाले भक्त कांवड़-कांवड़ की पूजा-अर्चना के साथ भगवान शिव के दर्शन कर परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की कामना करते हैं।

शिव ध्यान, कीर्तन और भजन के माध्यम-संकीर्तन प्रदर्शन किया रविवार शाम आरतीपूर्वक अन्य भगवान शिव की भक्ति में लीन श्रद्धालुओं ने विशेष आनंद लिया। यहां आने वाले भक्त कांवड़-कांवड़ की पूजा-अर्चना के साथ भगवान शिव के दर्शन कर परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की कामना करते हैं।

शिव ध्यान, कीर्तन और भजन के माध्यम-संकीर्तन प्रदर्शन किया रविवार शाम आरतीपूर्वक अन्य भगवान शिव की भक्ति में लीन श्रद्धालुओं ने विशेष आनंद लिया।

सुंदरकांड पाठ का अखंड रामायण पाठ के साथ समापन

अहमदपुर। नगर के सोढ़ापति हनुमान मंदिर में श्रावण माह के पवित्र एक महीने से चल रहे सुंदरकांड पाठ का अखंड रामायण पाठ के साथ समापन हुआ। रविवार को विधि-विधान से अखंड रामायण की पूर्णाहुति की गई। मंदिर समिति और श्रोताओं ने पूजा-अर्चना और आरती की। रामायण अवतार पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। पूर्णाहुति के बाद महाआरती हुई और प्रसादी वितरित की गई। पूरे श्रावण माह मंदिर परिसर भक्तिमय रहा। मानस मंडल समिति के सदस्यों ने बताया कि मंदिर में हर साल श्रावण मास में एक महीने तक सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाता है। श्रद्धालु नियमित रूप से इसमें शामिल होते हैं।

न्यूज गैलरी

वृद्ध आश्रम में मनाया सुपर संडे, बुजुर्गों और दिव्यांग बच्चों की सेवा

विदिशा। शिक्षा विभागीय गो सेवा पर्यावरण संरक्षण सेवा समिति ने भी हरि वृद्ध आश्रम में परिवार को स्नेहपूर्ण संदेश प्रसारित किया। इस दौरान बुजुर्गों को पुष्पित भेट कर आशीर्वाद लिया गया और दिव्यांग बच्चों को स्वास्थ्यवर्धक कराया गया। बुजुर्गों चिंतन समारोह में मेडी पोस्ट ऑफिस से सेवानिवृत्त सुभाष सोलोमकर कर डॉक्टर, मीडल व गार्डनर्स से सम्मान किया गया। उन्होंने बुजुर्गों को 10 कंबल मेडीसीट वितरित करने के साथ भोजन के लिए 1 हजार रुपए दिए। कार्यक्रम में राकेश जैन, गोपाल खंडेलवाल, मनोज मालवी सहित समिति के सदस्य मौजूद रहे। आश्रम की केयर जहां ने आभार जताया।

गले मिलकर मनाया भुजरिया पर्व, एकता और भाईचारे का दिया संदेश

ग्यारसपुर। पटेल मोहल्ला स्थित बंगला भवन में कुशवाह समाज ने दशकों पुरानी परंपरा के साथ भुजरिया पर्व श्रद्धा और उमंग के साथ मनाया। समाजजनों ने एक-दूसरे को भुजरिया भेंट कर गले मिलकर प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया। इस दौरान समाज की उन्नति, संगठन, शिक्षा और रोजगार को लेकर चर्चा हुई। अपविकास व कुरीतियों के खिलाफ जनजागृति अभियान चलाने पर जोर दिया गया। युवाओं को शिक्षित होकर आगे बढ़ने और समाज का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया गया। समाजजनों ने गांवों से दूर रहने की शपथ भी ली। कार्यक्रम में भगवान सिंह कुशवाहा, रतन पटेल, राजू कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

नए सत्र का शुभारंभछात्रों ने किया पौधरोपण

ग्यारसपुर। जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री लाडली नेतृत्व क्षमता विकास परियोजना के अंतर्गत एनएसएस एवं बीएसडब्लू क्लबों के नए सत्र का शुभारंभ स्वामीनी सांदीपनी विद्यालय में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राघवेन्द्र शर्मा एडवोकेट ने दीप प्रज्वलित कर किया। बतौर सम्मानित अतिथि आचार्य ने पाठ्यक्रम की जानकारी देते हुए छात्रों को लाडलीबेटी नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के उद्देश्यों से अवगत कराया। मुख्य अतिथि राघवेन्द्र शर्मा ने छात्रों से संवाद करते हुए व्यक्तित्व विकास के साथ राष्ट्र निर्माण में शिक्षित भूमिका निभाने का आह्वान किया।

अमित बने मन की बात के जिला प्रभारी

विदिशा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, भाजपा के जिला प्रभारी श्रीनिवास मावर, विधायक मुकेश टंडन की सहमति से भाजपा जिलाध्यक्ष महाराज सिंह दांगी ने मन की बात के जिला प्रभारी के पद पर अमित श्रीवास्तव को नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति पर पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी है।

नेमा समाज चुनावक संतोष नेमा 60 वोट से जीते

विदिशा। बालकुंजी स्थित नेमा धर्मशाला में रविवार को नेमा समाज के चुनाव हुए। समाज के सदस्यों ने उत्साह से मतदान किया। मतगणना के बाद संतोष नेमा को सांसद नेमा के मुकाबले 60 मतों से विजयी घोषित किया गया। नतीजा आते ही समर्थकों में खुशी दिखी। जीत के बाद समाज के लोगों ने संतोष नेमा का पुष्पमालाओं से स्वागत किया।

बैठकों तक सीमित है अतिक्रमण हटाने और यातायात सुगम बनाने का प्लान

मुख्य बाजार में भरा पड़ा अतिक्रमण कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति

डीआर संवाददाता ■ विदिशा

अतिक्रमण हटाने के बाद नगरपालिका नहीं करवाती मॉनिटरिंग

शहर के मुख्य बाजार में लंबे समय से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नहीं हुई है। त्योहार में अतिक्रमण और अधिक बढ़ गया है। शहर के मुख्य बाजार में कई जगह ऐसी हैं जो पारमानेंट अतिक्रमण से घिरी हुई हैं। बार बार हटाने के बाद भी वहां पर अतिक्रमण हो जाता है।

कई दुकानों के आगे सड़क पर कॉमर्शियल स्पेस और सामान रखकर अतिक्रमण किया जा रहा है। नगरपालिका ने मुख्य बाजार में अतिक्रमण हटाने के लिए लंबे समय से कोई अभियान नहीं चलाया है। जिसके कारण बार बार जाम की स्थिति बनती है। कई दुकानदारों ने दुकानों के आगे अस्थाई छप्पर बना लिए हैं। शहर मुख्य बाजार की सड़क संकरी हो दिखाई देने लगती है। जब शहर के अन्य प्रमुख चौराहों के सौंदर्यकरण की बात कही जा रही है। 200 अस्थाई दुकानें शिफ्ट करने की बात कही जा रही है। लेकिन पूर्व में अतिक्रमण हटाने

शहर के मुख्य बाजार में लंबे समय से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नहीं हुई है। त्योहार में अतिक्रमण और अधिक बढ़ गया है। शहर के मुख्य बाजार में कई जगह ऐसी हैं जो परमानेंट अतिक्रमण से घिरी हुई हैं। बार बार हटाने के बाद भी वहां पर अतिक्रमण हो जाता है।

कई दुकानों के आगे सड़क पर कॉमर्शियल स्पेस और सामान रखकर अतिक्रमण किया जा रहा है। नगरपालिका ने मुख्य बाजार में अतिक्रमण हटाने के लिए लंबे समय से कोई अभियान नहीं चलाया है। जिसके कारण बार बार जाम की स्थिति बनती है। कई दुकानदारों ने दुकानों के आगे अस्थाई छप्पर बना लिए हैं। शहर मुख्य बाजार की सड़क संकरी हो दिखाई देने लगती है। जब शहर के अन्य प्रमुख चौराहों के सौंदर्यकरण की बात कही जा रही है। 200 अस्थाई दुकानें शिफ्ट करने की बात कही जा रही है। लेकिन पूर्व में अतिक्रमण हटाने

अतिक्रमण हटाने के बाद नगरपालिका नहीं करवाती मॉनिटरिंग की कंसल्टेंसी एजेंसी एसएस इंडस को चौराहों की ट्राफिक-डिजाइन तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी कोई भी परिणाम खाई में शिफ्ट नहीं करा पाई बड़ा बाजार के ठेले

पहुंच गया है। जब चाहा चौराहों से

बाजार में ए. सिग्नेशिंग मॉनिटरिंग न होने के कारण अतिक्रमण हटाने की सिर्फ खानापूर्ति ही की गई है। मुख्य ने पुरानी नगरपालिका के बगल में ले और सामने अतिक्रमण है। जोखपुरी से लगकर भी अतिक्रमण किया हुआ है। इसके आगे भी दुकानों का सामान सड़क पर रखा

सौंदर्यकरण पर विकासात्मक निधि से लगभग 1.50 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। नगरपालिका ने इंदौर

ने दुकानों पर सुरक्षने आगे पहले प्रहार खड़े कर दिए हैं। जिसके दो पहिया और चार पहिया वाहनों को रखने के लिए जगह ही नहीं बीच है। शहर में पहाणाया व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सिर्फ दैवारों में संचन हो रहा है।

धरातल पर कोई काम होते दिखाई नहीं दे रहा है।

की कंसल्टेंसी एजेंसी एसएस इंडस को चौराहों की ट्राफिक-डिजाइन तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी

कोई भी परिणाम खाई में शिफ्ट नहीं करा पाई बड़ा बाजार के ठेले

बड़ा बाजार में यातायात का दबाव कम करने के लिए खाई तैयार पर अस्थाई बाजार शिफ्ट करने की बात कही जाती है धरातल पर कुछ भी नहीं हो पाया। जबकि यहां नगरपालिका ने कल सभी के ठेले शिफ्ट करने के लिए एक होल का भी निर्माण कराया था। लेकिन वहां दुकानें बनी जा रही हैं और अतिक्रमण बढ़ रहा रहा है। नगरपालिका की योजना बड़ाबाजार से होलक चौक होते हुए नयापरगंज चौराहे तक करीब 200 अस्थाई दुकानों को वैकल्पिक स्थानों पर शिफ्ट करने की है। हालांकि ऐसी योजनाएं इससे पहले भी कई बार बन चुकी है, लेकिन धरातल पर नहीं आई।

अतिक्रमण की शिकायतों पर अब तहसीलदार नायब तहसीलदार करेंगे मौका निरीक्षण

डीआर संवाददाता ■ विदिशा

कलेक्टर अजुन गुप्ता ने जिले के सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया है कि राजस्व निवेश एवं अतिक्रमण से संबंधित सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण मूल भावना से किया जाए।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि ऐसी शिकायतों में संबंधित तहसीलदार अथवा नायब तहसीलदार स्वयं मौके पर पहुंचकर स्थल का निरीक्षण करेंगे और वस्तुस्थिति की जांच करने के बाद ही सीएम हेल्पलाइन में जमाब दर्ज किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा

कि राजस्व विवाद और अतिक्रमण से जुड़े मामलों में केवल कार्यालय में बैठकर अथवा पटवारी की रिपोर्ट के आधार पर शिकायत का निराकरण दर्शाना स्वीकार नहीं किया जाएगा। तहसीलदार अथवा नायब तहसीलदार द्वारा स्वयं मौके पर जाकर की गई जांच एवं निरीक्षण के आधार पर ही सीएम हेल्पलाइन में उत्तर दर्ज किया जाए। अनावश्यकदौड़भाग संबंधित राजस्व अभिलेखों, नक्शे एवं मौके की स्थिति का मिलान कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि शासन और अतिक्रमण से जुड़े विवादों का स्थायी एवं प्रभावी निराकरण हो सके।

पटवारी की रिपोर्ट पर सीएम हेल्पलाइन में दर्ज किए उत्तर अमान्य कर दिए जाएंगे

कलेक्टर ने यह भी स्पष्ट किया कि मात्र पटवारी की रिपोर्ट के आधार पर सीएम हेल्पलाइन में दर्ज किए गए उत्तर अमान्य कर दिए जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निराकरण में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए तथा मौके की जांच के बाद तथ्यात्मक एवं स्पष्ट जवाब पोर्टल पर दर्ज किया जाए। शासन विवाद एवं अतिक्रमण जैसे मामलों में मौके की वास्तविक स्थिति जाने बिना शिकायत का निराकरण दर्ज करने से आमजन की समस्या का समाधान नहीं होता। इसलिए संबंधित अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर परिस्थिति को और नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि शासन और अतिक्रमण से जुड़े विवादों का

चीन-तिब्बत बॉर्डर पर टूटा संपर्क, मोबाइल पर अभी भी बज रही है रिंग, विदेश मंत्रालय कर रहा प्रयास

डीआर संवाददाता ■ शमशाबाद

नेपाल से बाद से बीच लापता विदिशा की स्वाति बागरेचा की तलाश के प्रयास अब बड़े स्तर पर भी शुरू हो गए हैं। दलाइलामा कमाता के टीचरों में इंजीनियर स्वाति बागरेचा बैंकाक भ्रमणसेवर यात्रा पर गई थी। वह चीन-तिब्बत सीमा के पास से लापता हो गई हैं। 28 अगस्त की सुबह 9 बजे परिवार से संपर्क टूट गया था। परिवार के अनुसार स्वाति का मोबाइल फोन लगी मालू है और उस पर कॉल करने पर घंटी भी जा रही है। हालांकि कॉल रिसीव नहीं हो रही है। परिवार की नजर अब इस फोन कॉल पर है। इस तरफ स्वाति के मोबाइल की बजती घंटी उम्मीद जगा रही है तो दूसरी तरफ कॉल रिसीव नहीं होने से चिंता भी बढ़ रही है। परिवार और परिचित लौटने की प्रार्थना कर रहे हैं। लगातार स्वाति के दुखद विदेश आए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विदेश मंत्रालय के अधिकारियों से फोन पर बात की है।

उन्होंने अधिकारियों को स्वाति के मामले की जानकारी दी। उसका मोबाइल नंबर भी साझा किया। उन्होंने अधिकारियों से स्वाति की लोकेशन और नेटवर्क में उसकी स्थिति का पता लगाने के लिए आवश्यक प्रयास करने को कहा।

परिवार को हरसंभव मदद का भरोसा

विदिशा आए शिवराज सिंह चौहान ने परिवार को भरोसा दिलाया कि वे इस मामले में लगातार संपर्क में रहेंगे। उन्होंने कहा कि स्वाति की सुरक्षा के लिए विदेश मंत्रालय स्तर पर और संबंधित जानकारी साझा कर आवश्यक प्रयास किए जाएंगे। नेपाल के आकस्मिक के बाद परिवार को स्वाति की वापसी तेज होने की उम्मीद है।

कंट्रोल दुकान बंद रहने से गरीब हितग्राही परेशान, 3 वार्डों में नहीं मिला राशन

डीआर संवाददाता ■ सिरोंज

वार्ड नंबर 6, 10 और 11 की सरकारी राशन दुकान नियमित रूप से नहीं खुलने से सैकड़ों हितग्राही परेशान हैं। रविवार 30 अगस्त को इस माह राशन वितरण का अंतिम दिन होने के बावजूद दुकान सुबह बंद रही।

लोगों का आरोप है कि सेल्समैन अपनी मनमर्जी से दुकान खोलता है और महीने में कई दिन दुकान बंद रहती है।

हितग्राही आजाद बाई ने बताया कि घर में खाने के लिए अनाज नहीं है। यदि समय पर राशन मिल जाता तो वे उसे बेचकर दवाइयां लेतीं। कल्लू रावत ने कहा कि आसपास की अन्य राशन दुकानें खुली थीं, लेकिन संबंधित दुकान सुबह 10 बजे तक बंद रही।

राहुल पंथी ने आरोप लगाया कि वीडीएस मशीन अक्सर बंद रहती है, जिससे उनका कई महीनों का राशन लैप्स हो गया। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज कराई है।

दिनेश अहिरवार ने बताया कि एक महीने से परमिट की एंट्री नहीं हो पाई है। कभी दुकान बंद रहती है तो कभी मशीन खराब रहती है।

सहायक खाद्य अधिकारी प्रकाश यादव ने बताया कि समिति प्रबंधक को दुकान खुलवाने के निर्देश दिए गए हैं। सेल्समैन सोनू साहू ने तबीयत खराब होने की बात कही थी। टीम के पहुंचने के करीब 15 मिनट बाद दुकान खोल दी गई।

भुजरिया विसर्जन से पहले नारियल पर फायरिंग, झूकरजोगी में निभाई

"विदिशा।" जिले के झूकरजोगी गांव में भुजरिया पर्व के दौरान वर्षों पुरानी अनोखी परंपरा निभाई गई। भुजरियों के विसर्जन से पहले पेड़ पर ऊंचाई पर बांधे गए नारियल को बंदूक से निशाना लगाया गया। नारियल टूटने के बाद ही भुजरियों का विसर्जन किया गया। इस परंपरा को देखने के लिए आसपास के कई गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे।

भुजरिया पर्व पर गांव में शुक्रवार से ही उत्साह का माहौल रहा। महिलाएं गान-गाकर

भुजरिया लेकर जुलूस में शामिल हुईं। गांव के ग्रामीणों, बंदूकधारी भी खुशी में बंदूकें लेकर पहुंचे। जुलूस गांव के हनुमान मंदिर पहुंचा, जहां मैदान में भुजरियों को रखा गया। ग्रामीणों ने भुजरियों की परिक्रमा कर सामूहिक रूप से अच्छी वृष्टि विधा। इसके बाद पेड़ पर बंधे नारियल को तोड़ने की रस्म शुरू हुई। नारियल को ऊंचाई पर बांधा गया था, इसे निशाना लगाकर कई राउंड फायर किए गए। नारियल टूटने के बाद ग्रामीणों ने भुजरियों का विसर्जन किया। इस दौरान पारंपरिक आयोजन देखने के

पेड़ों को रक्षासूत्र बांधकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया

डीआर संवाददाता ■ शमशाबाद

ग्रामीण पर्व के अवसर पर ग्रामीणों ने पौधरोपण सहयोग से "स्वच्छतागुरुकुल की राखी" अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। स्वच्छ्रवेश शासन के आदेश और कलेक्टर सीहोर के निर्देशानुसार ग्राम शमशाबाद में छात्राओं, शिक्षकों और विद्यालय स्टाफ ने अलसुबह से गांव निकाला।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने विद्यालय परिसर में लगे पेड़ों को स्वच्छ्रवेश बांधकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। इस दौरान "पेड़ बचाओ,पुलिकन बचाओ" का संदेश दिया गया। पर्यावरण विषय पर कहानी लेखन और पेंटिंग प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिसमें छात्राओं ने रचनात्मकता के माध्यम से पेड़ों के महत्व को दर्शाया।

विद्यालय के प्राचार्य "अजय सिंह राजपूत" ने कहा कि पेड़ मानव जीवन का आधार हैं। स्वच्छ्रवेश को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने से प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना मजबूत होती है। उन्होंने छात्राओं से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने की अपील की।

कार्यक्रम में विद्यालय का सहयोग स्टाफ और प्रभी संस्था ने छात्राएं मौजूद रहीं। सभागम पर "पेड़ सुरक्षित रहेंगे, तभी जीवन सुरक्षित रहेगा" का संदेश दिया गया।

महोत्सव 40 मटकियों की विशेष पूजा के बाद किया विसर्जन

चालीहा महोत्सव के 14वें वर्ष में झूम उठा सिंधी समाज

भक्ति गीतों पर महिलाओं ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

डीआर संवाददाता ■ विदिशा

सिंधी समाज द्वारा चालीहा महोत्सव का 14वां वर्ष श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर देव, शहर और समाज की सुख-समृद्धि एवं जलकल्याण की कामना को लेकर शहीदवाला सरोवर की जमीन प्रज्ज्वलित की गई।

चालीहा महोत्सव के तहत 40 मटकियों की विशेष पूजा-अर्चना

कर विधि-विधान से उनका विसर्जन किया गया। पूरा कार्यक्रम सिंधी समाज के पुरोहित पंडित राजेश शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। पंडित राजेश शर्मा ने बताया कि श्रावण मास में 40 दिनों तक परमात्मा वरुण देव की झूलेलाल को समर्पित चालीहा महोत्सव विदिशा ही नहीं बल्कि मिलकर में सिंधी समाज द्वारा श्रद्धा के साथ मनाया जाता है।

पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष सुरेश मोटवानी ने बताया कि रविवार दोपहर 12 बजे भगवान श्री झूलेलाल की महाआरती के बाद ही अंतिम दिन श्रद्धालुओं ने सिंध पर मटकी स्थापना पूजा अर्चना की और इसके बाद महोत्सव का विसर्जन किया गया। सिंधी पंचायत के पूर्व अध्यक्ष हरीश कपाबारी ने बताया "चालीहा महोत्सव को लेकर के उत्साह मिर्जापुर के अध्यापकों से मुक्ति पाने के लिए जल देवता इष्ट देव (झूलेलाल) की 40 दिनों की प्रार्थना की स्मृति में मनाया जाता है। श्रद्धालु अपनी श्रमता की अनुसार 40 दिन का उपवास रखते हैं। महाआरती विशेष उपकरणों से बनाया कि घर के दौरान जमीन पर शयन, खाना भोजन सहन, बाल और दाढ़ी नहीं बनवाना जैसे कई कठिन नियमों का पालन किया जाता है। उपाध्यक्ष ने बताया कि 40 दिन पूरे होने के बाद मटकी मेला रजाब मंडी प्रार्थना दिवस का आयोजन किया जाता है। इसके बाद महोत्सवी की नदी या सरोवर में विसर्जित किया जाता है। संयुक्त मंत्री दिलीप कपाबारी ने बताया कि भगवान झूलेलाल ने समाज को सत्यता और सद्भाव के साथ रहने तथा ऊंच-नीच और अमीरी-गरीबी से भेदभाव से दूर रहने का संदेश दिया है।

नवोदय विद्यालय शमशाबाद में हर्षोल्लास से मनाया रक्षाबंधन

डीआर संवाददाता ■ शमशाबाद

पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, शमशाबाद में रक्षाबंधन पर्व हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य जितेंद्र कुमार मिश्रा, एस-प्रायमरी एजुकेशन सिंह एवं विद्यालय स्टाफ ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण कर किया।

प्राचार्य जितेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि त्योहार हमें भारतीय संस्कृति और नैतिक मूल्यों से परिचित कराते हैं। कठिन समय में हम मूल्यों को जीवन में अपनाने की आवश्यकता है। एस-प्रायमरी एजुकेशन सिंह ने कहा कि भारत विविधताओं में एकता का देश है और विभिन्न सांस्कृतिक राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करती है।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की छात्राओं ने छात्रों और शिक्षकों को राखी बांधी। साथ ही विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विद्यालय परिसर में पेड़-पौधों को भी सांकेतिक बांधे और उनकी रक्षा का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का संचालन सीनियर प्रभारी एवं पीजीटी इंग्लिश मनोज कुमार वर्मा ने किया। वरिष्ठ शिक्षिका मंजूलता मिश्रा ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

9इलाज के दौरान बैजंती बाई ने तोड़ा दम

ब्यावरा। सिविल अस्पताल में उपचार के दौरान एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। मृतका की पहचान बैजंती बाई पति सीताराम (55) निवासी बरखेड़ा के रूप में हुई है। महिला ने शनिवार रात किसी कारणवश जहरीला पदार्थ सेवन किया था। परिजनों को जानकारी लगते ही रात करीब 10 बजे गंभीर हालत में महिला को सिविल अस्पताल ब्यावरा लेकर पहुंचे। अस्पताल में डॉक्टरों ने तुरंत महिला का उपचार शुरू किया और शरीर से जहर निकालने की प्रक्रिया की। उपचार के बाद महिला की हालत में सुधार भी होने लगा था, लेकिन देर रात अचानक उसकी तबीयत फिर से बिगड़ गई और उसने दम तोड़ दिया। अस्पताल चौकी पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

पात्र एमएसएमई इकाइयों एवं स्टार्टअप से नामांकन आमंत्रित किए गए हैं

राजगढ़। जिला ब्यावर एवं उद्योग केंद्र राजगढ़ द्वारा रैम्प योजना के अंतर्गत प्रस्तावित औद्योगिक क्लस्टर के लिए जिले की पात्र एमएसएमई इकाइयों एवं स्टार्टअप से नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। जिला ब्यावर एवं उद्योग केंद्र द्वारा जिले से उपयुक्त एवं पात्र एमएसएमई इकाइयों एवं स्टार्टअप की पहचान कर उनका नामांकन सुनिश्चित किया जाना है। औद्योगिक क्लस्टर के लिए पात्र क्षेत्रों एवं उद्योगों का विस्तृत संबंधित यूएल फॉर्म में उल्लेखित किया गया है। साथ ही, आगामी अवधि में रैम्प योजना के अंतर्गत प्रस्तावित औद्योगिक क्लस्टर एवं प्रतिनिधियों की सम्भावित सूची की साझा की जाएगी, ताकि संबंधित क्षेत्र की पात्र एमएसएमई इकाइयों एवं स्टार्टअप को समय रहते निश्चित कर उनकी सहभागिता सुनिश्चित की जा सके। जिला ब्यावर एवं उद्योग केंद्र द्वारा इच्छुक एमएसएमई इकाइयों एवं स्टार्टअप से अनुरोध किया गया है कि वे औद्योगिक क्लस्टर एवं प्रस्तावित्तों में सहभागिता के लिए यूएल फॉर्म में मांगी गई आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराते हुए अपना नामांकन सुनिश्चित करें।

योग-ध्यान के साथ अपराधों की हुई समीक्षा

ब्यावरा। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के निर्देशन एवं एसपी अमित तोलानी के नेतृत्व में रविवार 30 अगस्त को जिले के सभी थानों में शहर, देहात, महिला परिवार परामर्श केंद्र के साथ अपराध समीक्षा बैठक की गई। सुबह की शुरुआत हाटीपुरनेस योग एवं ध्यान सत्र से हुई। एसपी तोलानी ने थाना नरसिंहगढ़, एएसपी केएल बंजारे ने कुरावर, एसडीओपी अरविंद रावत ने खालीघाट, अरविंद सिंह ने सारंगपुर और डीएसपी नागर ने भोजपुर थाने के स्टाफ के साथ योग, प्राणायाम और सामूहिक ध्यान किया। योग के बाद अपराध समीक्षा बैठक हुई। ई-साक्ष्य, ई-एफआईआर, ई-जीरो एफआईआर, गर्ल डायरी, लावारिस कार्यवाही की समीक्षा, ई-विवेचना, एफआरएस-जीआरएस पोर्टल, सीआरएसआर नोटिस और आईटीएसएसओ प्रकरणों की समीक्षा कर शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए।

5 गोवंश खरीदकर गोशाला पहुंचाया

ब्यावरा। गोवंश एवं गोवंश संरक्षण के उद्देश्य से संचालित गोशाला खरीदो-बचाओ अभियान के तहत रविवार को राजगढ़ के पशु हाट बाजार से चार गोवंश खरीदे गए। इन्हें सुरक्षित रूप से श्री गोपाल कृष्ण गोशाला धाम, कुराबर पहुंचाया गया।

हाल बेहाल सिविल अस्पताल की लापरवाही की हदें पार, परिजन शव को घर ले जाने तड़पते रहे

5 किमी की दूरी, 3 घंटे की ड्रामा बाजी, पंचर का बहाना बनाकर बस स्टैंड पर घूमता रहा शव वाहन चालक

डीआर संवाददाता ■ राजगढ़

स्थानीय सिविल अस्पताल से मानवता को शर्मसार कर देने वाला घटनाक्रम सामने आया है। परिजन शव को घर ले जाने के लिए तड़पते रहे वहीं फूटपाथ और शव वाहन का ड्राइवर घंटे भर शहर में चक्कर मारता रहा। शनिवार रात ब्यावरा बरखेड़ा निवासी वैजंती अहिरवार की अचानक तबीयत बिगड़ने पर परिजन उन्हें रात करीब 9 बजे सिविल अस्पताल ब्यावरा लेकर पहुंचे थे। डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

अगले दिन रविवार सुबह 8:30 बजे पोस्टमार्टम होने के बाद परिजनों को उम्मीद थी कि अब वे सम्मानपूर्वक शव को घर ले जा सकेंगे लेकिन असली प्रताड़ना तो इसके बाद शुरू हुई।

झूठ की झड़ी 5 किलोमीटर जाने में लगे 3 घंटे

पोस्टमार्टम के बाद सुबह 8:30 बजे शव वाहन का ड्राइवर बंटी कटारियाखेड़ी निवासी राहुल सीसिया लोहगे निकला था। अस्पताल से कटारियाखेड़ी की पूरी गणना 5 किलोमीटर है लेकिन ड्राइवर बंटी 3 घंटे तक गायब रहा। सुबह 9:30 बजे परिजनों ने फोन किया तो बंटी ने बोला कि अभी मैं शव लेकर आया हूँ वहीं लोग गाली दे रहे हैं। 15-20 मिनट में आता हूँ। सुबह 10:00 बजे 1 घंटा बीतने पर परिजनों ने दोबारा संपर्क किया तो बंटी ने बोला कि अभी गाड़ी का टायर पंचर हो गया है पंचर बनवाकर आ रहा हूँ। सुबह 11:00 बजे तक ड्राइवर पंचर दुकानों का ही झूठा चक्कर काटता रहा और परिजन अस्पताल में बेबस खड़े रहे।

खाकी को भी दे डाला चकमा, सायरन बजाकर घूमता रहा शहर में

इस दौरान बंटी ने खाकी सायरन बजाते हुए अस्पताल की तरफ से जहरीला कार्यालय लेने और लेने स्थान में जाते देखा। पूछने पर फिर वही रटा रटाया जवाब दिया कि किसी और शव को छोड़ने जा रहा हूँ। हैरानी की बात यह है कि सुबह 11:30 बजे बंटी शव वाहन को लेकर बस स्टैंड पर संदेहास्पद तरीके से घूमता देखा गया। पुलिस ने बंटी को फोन लगाया तो उस बेखौफ ड्राइवर ने पुलिस के सामने भी वही टायर पंचर का बहाना दोहरा दिया। अधिकारियों ने अपने निजी वाहन से शव को घर जाने पड़ा अकेले गांव बरखेड़ा।

पोस्टमार्टम के नाम पर सामान मंगवाने का गंभीर आरोप

अस्पताल की कार्यप्रणाली पर सवाल यहीं खत्म नहीं होते। परिजनों ने डॉक्टरों पर भी गंभीर गंभीर आरोप लगाए हैं। परिजनों का कहना है कि डॉक्टरों ने पोस्टमार्टम करने के लिए उनसे कलम से 3 डिब्बे और 3 से 4 मीटर काली थैली मंगवाई। सरकारी अस्पताल में सुविधाओं के नाम पर परिजनों से सामान मंगवाना और फिर शव वाहन चालक का यह अक्षमतापूर्ण रवैया अस्पताल प्रबंधन पर कई बड़े सवाल खड़े करता है। पीड़ित परिजनों ने प्रशासन से मांग की है कि इस पूरे मामले में लापरवाही बरतने वाले डॉक्टरों और गलतानी करने वाले शव वाहन चालक बंटी पर तत्काल और कड़ी से कड़ी सख्त कार्रवाई की जाए।

इनका कहना है

अगले जानकारी प्राप्त हुई है मामले की में जांच करवाता हूं, इसमें ड्राइवर के अलावा किसके द्वारा भी लापरवाही की गई होगी उन पर कार्रवाही की जाएगी।

— गिरीश कुमार मिश्रा कलेक्टर राजगढ़।

गो-सेवकों की सूचना पर पुलिस ने की

गोवंश से भरी पिकअप पकड़ी 4 बछड़े बरामद कर 3 तस्करों को गिरफ्तार किया

डीआर संवाददाता ■ लखनवास

ब्यावर थाना क्षेत्र के लखनवास रोड पर एक गौ वंश से भरा पिकअप वाहन को गौ सेवकों के सहयोग से पुलिस ने पकड़ी है। पिकअप वाहन कमांक एमपी 12 जेडबी 4208 जप्त किया जिसमें 4 गाय बछड़े (गोवंश) हाथ-पैर बांधकर क्रूरतापूर्वक ठुंस-ठुंस कर भरे हुए थे। शनिवार रात करीब 10:30 बजे सहायक उप निरीक्षक मनोहर साहू, हमराह स्टाफ पेमसिंह, प्रेमसिंह, दीपक व्यास, सैनिक राहुल शर्मा के साथ इलाके में भ्रमण पर थाने अगर पहुंचे थे। तभी लखनवास के गौ-सेवकों से सूचना मिली कि कुडिलेड़ा लखनवास की तरफ से एक पिकअप वाहन बरखेड़ा की तरफ जा रही है। सूचना की तस्दीक के लिए गौ-सेवकों को साथ लेकर चौकी प्रभारी साहू, शर्मा लखनवास-गलावर रोड, ग्राम कुडलेड़ा पर घेराबंदी की गई। तुरंत दो बाद कुडिलेड़ा तरफ से आती पिकअप को रोक लिया तो उसमें 4 गोवंश क्रूरतापूर्वक भरे मिले।

आरोपियों से खलेरी क्षेत्र में सक्रिय गौ तस्करों के राज

इस मामले में पीकअप वाहन के साथ पकड़े गए आरोपी में सोनू रैकवार गोरीलाल यादव, जिला सांवरा, जितेन्द्र बघेले रैकवार एलान सिंह, जिला खंडवा और दूसरा देवड़े पिता लोक देवड़े, जिला बुरहानपुर शामिल है। इसमें पकड़े गए आरोपियों का कहना है कि उन का एक अज्ञात व्यक्ति हमारे संपर्क में था उसके कहने पर हम यहां आये हैं। वह हमसे एक मोटी रकम के

बदले यहां से यह काम करवाते है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मप्र गौ-वंश वध, सुरक्षा प्रतिषेध अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर गोवंश व वाहन को जप्त कर लिया है।

तेज रफ्तार बाइक गाय से टकराई, कॉलेज छात्र की मौत

डीआर संवाददाता ■ ब्यावरा

कटारियाखेड़ी निवासी 23 वर्षीय कॉलेज छात्र राहुल पिता देवीसिंह सीसिया की सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसा रविवार को नरसिंहपुरा गांव के समीप हुआ। राहुल ब्यावर नगरपालिका अपने दोस्त महेश के साथ बाइक से राजगढ़ से पैतृक गांव कटारियाखेड़ी लौट रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक सड़क पर आई गाय से टकरा गई। हादसे में दोनों युवक घायल हो गए।

टक्कर के बाद राहुल सड़क पर गिर गया और उसके सिर में गंभीर चोट आई। परिजन उसे उपचार के लिए भोपाल ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हादसे में उसका दोस्त महेश भी घायल हुआ है।

पुलिस के अनुसार, राहुल रावतीखुर्द का और कॉलेज में पढ़ाई कर रहा था। घटना दो एक दिन पहले ही उसने परिवार के साथ रक्षाबंधन का पर्व मनाया था। हादसे की खबर मिलते ही गांव में शोक का माहौल हो गया।

रविवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। इसके बाद पैतृक गांव कटारियाखेड़ी में अंतिम संस्कार किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिचित शामिल हुए।

वहीं थाना पुलिस के एसआई गुलाब सिंह शाक्य ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है।

गाली देने से मना किया तो युवक पर चाकू से हमला, गले में लगे 8 टांके

डीआर संवाददाता ■ अरोलनगर

जिले के अरोली गांव में शनिवार देर शाम गाली-गलौज करने से मना करने पर हुए विवाद में एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया। हमले में युवक के गले पर चोट आई, जिसके बाद उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों ने उपचार के दौरान उसके गले में 8 टांके लगाए हैं।

पिपरई के पटल मोहल्ला निवासी बंटी पिता श्रीनंदन खाकोरा (26) अपने गांव के घर अपनी गाय चरा रहा था। शनिवार शाम वह कुछ लोगों के साथ नाना के घर के बाहर बैठा था। इसी दौरान गांव का लालू लोधी शराब के नशे में वहां पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। बंटी ने उसे गाली देने से मना किया, जिस पर दोनों के बीच विवाद हो गया।

विवाद बढ़ने पर लालू लोधी ने चाकू से बंटी के गले पर वार कर दिया। आसपास मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। हमले में घायल बंटी को परिजन तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका उपचार जारी है।

घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। विवाद के कारणों और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई को लेकर पुलिस जानकारी जुटा रही है।

गोवंश से टक्कर से युवक की मौत

ब्यावरा। ब्यावरा राजगढ़ नेशनल हाईवे 52 पर अवारा गोवंश एक बार फिर एक घर का चिराग बुझा गया। राजगढ़ रोड पर बिन्यखेड़ी जोड़ मुख्य राहुल सीसिया। से आगे चंदनपुरा ढाबे के सामने गोवंश के झुंड से बाइक टकराने से कटारियाखेड़ी सरपंच के 22 वर्षीय बेटे राहुल सीसिया की मौत हो गई, जबकि उसका साथी महेश सीसिया (22) गंभीर रूप से घायल है। सबसे शर्मनाक बात यह है कि हादसा शनिवार रात 9 बजे हुआ और दोनों युवक 3 घंटे तक सड़क पर तड़पते रहे, किसी ने सुध नहीं ली। परिजनों के अनुसार राहुल और महेश अपने एक दोस्त को गांव छोड़कर बाइक से कटारियाखेड़ी लौट रहे थे। राजगढ़ की तरफ से आते समय चंदनपुरा ढाबे के सामने अंधेरे में सड़क पर बैठे गोवंश के झुंड से उनकी बाइक टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों उछलकर सड़क पर गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए।

रात के अंधेरे में वाहन गुजरते रहे, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। रात करीब 12:30 बजे किसी राहगीर ने देखा तब पुलिस और परिजनों को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों को सिविल अस्पताल लेकर आई, जहां राहुल सीसिया पिता देवीसिंह सीसिया ने दम तोड़ दिया। राहुल की पिछले साल ही शादी हुई थी, परिजनों का गो-सेवकर बुरा हाल है।

देव बरखोड़ी धाम जा रहे पदयात्रियों के लिए कानरखोड़ी के युवाओं ने लगाया शिविर,

डीआर संवाददाता ■ ब्यावरा



लोक देवता भगवान श्री देवनारायण के प्रसिद्ध धाम देव बरखोड़ी के प्रति श्रद्धालुओं की अटूट आस्था का अनुपम नजारा इन दिनों सड़कों पर देखने को मिल रहा है। लगभग 100 किलोमीटर के दायरे से आने वाले लाखों श्रद्धालु अपनी बैलगाड़ियां लेकर पैदल और वाहनों से प्रवेश मूल पर धाम पहुंच रहे हैं। आस्था के इस पावन सफर में भक्तों की सेवा मिलाने और उनकी राह आसान बनाने का बीड़ा ग्राम कानरखोड़ी के ग्रामीणों और युवाओं ने उठाया है।

ग्राम कानरखोड़ी के ग्रामीणों द्वारा पिछले दो वर्षों से सड़क के प्रमुख चौराहों पर शिविर लगाकर श्रद्धालुओं को कुछ ही दूरी पर निःशुल्क चाय के लंगर व

रोगा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। मार्ग से गुजरने वाले हर पदयात्री और पशुपालन श्रद्धालु का स्वागत आदर सत्कार के साथ किया जाता है। शिविर में श्रद्धालुओं के लिए शुद्ध पेयजल, स्वच्छ शौचालय और चिकित्सा सहायता की व्यवस्था की गयी है।

युवा शक्ति का सराहनीय योगदान

इस पुनीत कार्य में गांव के युवा वर्ग की भूमिका सबसे प्रमुख और प्रेरक है। युवा दिन-रात एक कर आगन्तुकों की सेवा में जुटे हैं। कई डाक बनाने की जिम्मेदारी निभाता

है, तो कोई रास्ते में खड़े होकर पदयात्रियों को सम्मानपूर्वक शिविर तक आकर जलपान कराता है। ग्रामीणों का कहना है कि भगवान देवनारायण के भक्तों की सेवा करने से जो आत्मिक शांति और पुण्य मिलता है, वही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है। गांव और युवाओं के अथक सहयोग से यह सेवा शिविर अब एक परंपरा का रूप ले चुका है। लंबी यात्रा कर आ रहे श्रद्धालुओं ने कानरखोड़ी के ग्रामीणों और युवाओं के इस सेवा भाव की मुक्त कंठ से सराहना की। पदियात्रियों का कहना है कि पांव के छाले देखकर जो बाद युवाओं की यह आत्मीय सेवा उनकी पूरी यात्रा में नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने की शक्ति देता है।

जहरीला पदार्थ खाने से महिला की मौत, शव बरामदे

डीआर संवाददाता ■ ब्यावरा

बरखोड़ा कॉलोनी गांव में रविवार को जहरीला पदार्थ खाने से महिला वैजयंती बाई की मौत हो गई। गंभीर हालत में परिजन उन्हें ब्यावरा सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया।

पोस्टमार्टम के बाद शव को अस्पताल के बरामदे में जमीन पर रखने के आरोप से परिजन और ग्रामीण नाराज हो गए। उनका कहना है कि शव वाहन का इंतजार कर रहे परिजनों के सामने ही शव को पोस्टमार्टम कक्ष से बाहर बरामदे में रख दिया गया। स्थानीय गोपालदासा वर्मा ने मामले की जांच की मांग की है।

बताया गया कि वैजयंती बाई के दो बेटे हैं, जो उनसे अलग रहते हैं। महिला ने जहरीला पदार्थ किन परिस्थितियों में खाया, इसका अभी पता नहीं चला है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सिविल अस्पताल के वैद्यनाथ डॉ. जलालुद्दीन शेख ने बताया कि शव वाहन के लिए स्पर परिजनों को सूचना दी गई थी। उन्होंने कहा कि शव को बरामदे में रखने के मामले की जांच कराई जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि मृतक

कार्यक्रम हुआ गोशाला सम्मेलन स्थल पर किया गया पौधरोपण

पौधरोपण कार्य न केवल समाज हित में बल्कि स्वयं और प्रदेश व राष्ट्र के हित में भी: पूर्व राज्यमंत्री यादव

डीआर संवाददाता ■ ब्यावरा

खरोदिया ग्राम निवासिया में रविवार को यादव समाज द्वारा श्री अहीर यादव गंजी शाला कृष्ण मंदिर ट्रस्ट उज्जैन और ग्राम पंचायत निवासिया के सहयोग से श्री नारायण गोशाला परिसर और सामुदायिक विवाह सम्मेलन स्थल एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव ने अपने उद्बोधन में यादव समाज द्वारा किए जा रहे समाज सेवा के कार्य प्रशंसा करते हुए सभी लोग अपने-अपने स्तर से इस प्रयास के क्रियान्वयन के कार्यक्रम जारी रखें। यह कार्य केवल न केवल समाज के हित में है बल्कि स्वयं और प्रदेश एवं राष्ट्र के हित में भी है उन्होंने सामाजिक एकता पर पुरजोर समर्थन करते हुए समाज विकास के कार्यों में सहयोग सहयोग करने की अपील की।

उक्त कार्यक्रम की अहीर यादव कल्याण रक्षा कृष्ण मंदिर ट्रस्ट उज्जैन के सहयोग से तथा ग्राम पंचायत निवासिया के सरपंच व सचिव के सहयोग से सम्पन्न के सभी वरिष्ठ गुरु मंडल, नगरीजनों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

इस दौरान कार्यक्रम अध्यक्ष जगदीश यादव, लोकेन्द्र सिंह यादव द्वारा बताया जा रहे सामाजिक कार्यों की जानकारी समाज के बीच में रखी। उन्होंने ने बताया कि उज्जैन ट्रस्ट द्वारा पूरे प्रदेश में यादव समाज के बीच में इस प्रकार की और भी अन्य गतिविधियां चलाई जाती है। जिससे समाज के बीच में फैला रही मृत्यु भोज जैसी कुरीतियां दूर हो सकें।

इस अवसर पर यादव महासभा जिलाध्यक्ष सुरेश यादव यादव समाज के वरिष्ठ लक्ष्मीनारायण यादव, जिला संगठन सचिव गोपाल यादव, पुरुषोत्तम यादव

मनमोहन, गुलाबसिंह यादव बीज, सत्यम रमेश यादव तलावली, सत्यम प्रेमनारायण यादव बाडाखेड़ी, रोशन यादव मालखेड़ी, सत्येन्द्र यादव सीलखेड़ा, सत्यम लखन यादव निवासिया, जनपद सदस्य लखन यादव निवासिया, पूर्व सरपंच जगदीश यादव बरखेड़ा, मोकल यादव, उपसरपंच सत्यनारायण यादव, रमेश यादव, संजय यादव कमल यादव, छगन यादव, सुखलाल मनावली, जितेन्द्र जीत यादव, मनमोहनसिंह यादव गिर्वीसाद, राजेश यादव बरखेड़ा, बबलू यादव, अशोक यादव खरोदी सहित बड़ी संख्या में समाज के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

शादी का झांसा देकर संबंध बनाने का आरोप, युवक पर केस

डीआर संवाददाता ■ खिलचीपुर

खिलचीपुर। खिलचीपुर थाना क्षेत्र में एक महिला ने युवक पर शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाया है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने चौपाटी निवासी युवक शाहरुख खान के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, महिला ने शिकायत में बताया कि आरोपी ने उससे शादी करने का वादा किया था। इसी भरोसे पर उसने महिला के साथ संबंध बनाए।

महिला ने बताया कि घटना 14 जून की रात करीब 9 बजे खिलचीपुर थाना क्षेत्र स्थित उसके घर पर हुई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने 29 अगस्त की शाम 6:55 बजे अपराध क्रमांक 348/26 दर्ज किया।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 69 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है और पुलिस उसकी तलाश कर रही है। पुलिस ने महिला की पहचान गोपनीय रखी है।